हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

10 विधायक की पहल से पांच स्थान पर डोमशेड की मिली स्वीकृति

11 स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी: विधायक ललित




# निगम के जोन तीन में 241 लाख, नेहरूनगर में 154 लाख से होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## महापौर की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित

नगर निगम भिलाई महापौर परिषद की बैठक मंगलवार महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई। जोन तीन में 241.07 लाख रुपए की लागत से विभिन्न कार्य होंगे। नेहरूनगर में 154.33 लाख से से बनेगी क्षतिग्रस्त नाली।

तालाबों की जलकुंभी साफ करने के लिए 150 लाख रुपए से मशीन खरीदी जाएगी। उद्यानों के रखरखाव एवं संचालन व संधारण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। निगम क्षेत्र में स्थित जलागार में डबल वैल्यु सिस्टम करने का कार्य को पुनः निविदा आमंत्रित किया जाएगा।

### जोन तीन में ये होंगे विकास कार्य

जोन तीन में 241.07 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों को सहमति प्रदान की गई। इस राशि से यहां सीवर लाईन बनेगा। चेंबर निर्माण कार्य कराए जाएंगे। सीवर संपवेल, सीवर पम्पिंग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य होंगे। जिसमें समिति के सदस्यो नें अपनी सहमति देते हुए कार्य कराए जाने प्रस्ताव पारित किया।



### नेहरूनगर में 154.33 लाख से निकासी नाला कार्य

महापौर परिषद की बैठक में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत निकासी नाला निर्माण का प्रस्ताव लाया गया। 154.33 लाख की लागत से मुख्य राष्ट्रीय मार्ग के किनारे कर्मा चौक से सुपेला चौक होते लोहिया पेट्रोल पम्प तक क्षतिग्रस्त निकासी नाला का पुनः निर्माण होगा। इसका प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य कराये जाने को पारित किया

### 100 गार्डों के लिए वित्तीय मंजूरी

चर्चा के दौरान सभी सदस्यो ने अपने-अपने सुझाव साझा किए। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु 1 सीनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 99 सुरक्षा गार्ड कुल 100 की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी राय देते हुए निविदा के नियम-शर्तो का परीक्षण किये जाने के साथ वर्तमान निविदा को यथावत रखते हुए अगली निविदा होने तक कार्य में वृद्धि की गई है।

### दीनदयालपुरम आवासीय योजना पर निर्णय

एमआईसी में अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदाय करने जांच प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। भूमि खसरा नम्बर 1558/1 रकबा 82300 हेक्टेयर में से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड आवासीय क्षेत्र है किन्तु खेल मैदान होने के कारण उसमें आपत्ति लगाया गया है। अभिमत (आपत्ति/अनापत्ति) जांच प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 208 रकबा 25.52 हेक्टेयर मे से 9100 वर्ग फूट भूखण्ड आवेदित स्थल पंडित दीनदयालपुरम आवासीय योजना के स्वीकृत अभिन्यास में स्थल चिन्हांकित है, उक्त भूमि का पुनः स्थल निरीक्षण करने सहमति दी गई है। रा.प्र.क्र. 202412101600004 अ-19 (1) आबंटन किये जाने के संबंध में खसरा नम्बर 1253 रकबा 17.3360 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फुट भूखण्ड को समाज हित में आबंटन की मांग किया गया था। जो आवासीय क्षेत्र है, किन्तु खेल मैदान होने के कारण आपत्ति किया गया है।

### बायोमास प्लांट के लिए भू हस्तातंरण

एमआईसी ने छत्तीसगढ़ में सतत योजना के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट बायोमास कम्प्रेस्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि हस्तांतरण कार्य को सदस्यों ने सहमति दी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का रखरखाव एवं संचालन/संधारण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। निगम क्षेत्र में स्थित जलागार में डबल वैल्यु सिस्टम करने का कार्य को पुनः निविदा आमंत्रित करने कहा गया। तालाबों की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड मशीन क्रय कार्य जो 15वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जिसकी लागत राशि 150 लाख से क्रय कर कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गई।

### एमआईसी में 10 एजेंडे पर हुई चर्चा

महापौर परिषद की बैठक में 10 एजेंडे रखे गए थे। इन एजेंडों पर एमआईसी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। सुझाव के आधार पर बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। जमीन से संबंधी एजेंडों पर भी निर्णय लिए गए। बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चैबे, साकेत चंद्रकार, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मनान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, बी.के.वर्मा, सचिव बसंत देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज रूंगटा आर-1 में



**भिलाई।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार यानी 11 दिसंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह रूंगटा आर-1 में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैथकॉन-2024 कार्यशाला में शामिल होंगे। वे इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। 11 और 12 दिसंबर को आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन सुबह 8 बजे होगा। ग्रैंड फिनाले का इनोग्रेशन होगा। सुबह करीब सवा 8 बजे कॉलेज के चेयरमैन संतोष रूंगटा कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी देंगे। सुबह साढ़े 8 बजे केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की स्पीच होगी। इसके बाद पौने 9 बजे से फैकैल्टीस और स्टूडेंट्स ने चीफ गेस्ट मुलाकात करेंगे। दो दिवसीय इंवेंट ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आए एक्सपर्ट अपने विचार रखेंगे।

### बाइक चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इमली चौक दुर्ग निवासी चंदन यादव 30 नवंबर को बैक आफ महाराष्ट्र सुपेला के सामने अपनी बाइक सीजी. 07 एटी 8476 को रखा हुआ था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसका वीडियों फुटेज सीसी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस उसी के आधार पर खोजबीन में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर नेहरू नगर बाजार चौक के पास चोरी की बाइक को बेचने के लिए युवक ग्राहक की तलाश कर रहा था। इस दौरान पुलिस घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम सडक नं. 01 ब्लाक नं. 04 क्वा. नं. 01 सेक्टर 5 निवासी एम. देवा रेडडी बताया है। बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

### पीएम आवास योजना का दावा-आपत्ति 16 तक

**भिलाई।** पीएम आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नपानिभिक्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन के लिए दावा- आपत्ति लिए जाएंगे। 16 दिसंबर तक दावा-आपत्ति ली जाएगी। इस योजना में किरायेदारी के रुप में निवासरत परिवारों को इस योजना में शामिल किया गया है।

## 130 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बीएसपी को मिलेगा

# 336 करोड़ की लागत से शिवनाथ नदी से आएगा बीएसपी तक पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

भिलाई इस्पात संयंत्र को पानी की समस्या से जल्द ही निजात मिल जाएगी। 336 करोड़ रुपए की लागत से शिवनाथ नदी से बीएसपी में पानी लाने की परियोजना पर कार्य हो रहे हैं। तीन महीने में यह परियोजना पूरी हो जाएगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर इस पानी का इस्तेमाल किया जाना है। संयंत्र के भीतर स्थित बांध में शिवनाथ नदी से यह पानी पहुंचेगा। तांदुला जल संसाधन विभाग के मार्गदर्शन में यह परियोजना पूरी की जा रही है।





### 130 क्यूबिक मीटर मिलेगा बीएसपी को पानी

शिवनाथ नदी से बीएसपी को 130 क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। नदी से संयंत्र तक पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग 70 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है। शिवनाथ नदी से पुलगांव, आदर्शनगर, बोरसी, रिसाली, टंकी मरोदा होते हुए इसे संयंत्र स्थित बांध तक पाइप लाइन बिछाई जा रही है। 18 किलोमीटर लम्बी पाईप लाईन बिछाई जा रही है। तांदुला जल संसाधन विभाग के मार्गदर्शन में यह परियोजना को कोल्हापुर की कंपनी द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है।

### तीन महीने मिलेगा संयंत्र को पानी

शिवनाथ नदी से तीन महीने तक भिलाई इस्पात संयंत्र को पानी मिलेगा। इससे पानी की समस्या दूर होगी और बारिश में शिवनाथ उफान पर रहने से पानी को डायवर्ट किया जा सकेगा। वर्तमान में गर्मी के दिनों में पानी के लिए बीएसपी को दिक्कतें उठानी पड़ती है। बीएसपी द्वारा टाउनशिप में भी पानी देना होता है। इसके अलावा संयंत्र के भीतर भी पानी की खपत होती है। इसलिए पानी की कमी पड़ती है।

### मरोदा जलाशय में आता है तांदुला जलाशय बालोद से पानी

बीएसपी अपनी जरूरतों और टाउनशिप के रहवासियों को पानी देने के लिए मरोदा जलाशय है। इस जलाशय में बालोद के तांदुला जलाशय से ही पानी आता है। तांदुला जलाशय पूरे बालोद क्षेत्र, दुर्ग और बेमेतरा के किसानों को सिंचाई के लिए पानी देता है। जिसकी वजह से तांदुला जलायश में पानी की कमी हो जाती है। कई मौके ऐसे आते हैं कि बीएसपी के एग्रीमेंट के हिसाब से भी पानी देना मुश्किल हो जाता है। मौजूदाहालात को देखते हुए बीएसपी और जलसंसाधन विभाग ने शिवनाथ नदी से संयंत्र के लिए पानी लाने के लिए बड़ी परियोजना बनाई और इसे अंजाम दिया जा रहा है।

### बारिश के बाद काम है रुका हुआ

शिवनाथ नदी से संयंत्र में पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम बारिश के बाद से रुका हुआ है। बोरसी व टंकी मरोदा क्षेत्र में ठेका एजेंसी ने काम रोक दिया है। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। सड़क किनारे बड़ी-बड़ी पाइप लाइन पड़ी हुई है। जिससे दुर्घटना की भी संभावना बनी हुई है।

## 15वें वित्त आयोग की रकम से होंगे विकास कार्य

# जामुल नपा डिप्टी सीएम ने दी 10.78 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



जिले के नगर पालिका परिषद जामुल अंतर्गत मंगलवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 10 करोड़ 78 लाख 85 हजार रूपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसमें 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 43 कार्य के लिए 7 करोड़ 44 लाख रूपए, अधोसंरचना मंद अंतर्गत 9 कार्यों के लिए 3 करोड़ और विधायक निधि अंतर्गत 2 कार्य के लिए 30 लाख रूपए की लागत राशि शामिल है। समारोह में नगर पालिका परिषद ने उप मुख्यमंत्री श्री साव का लडडू से तौलकर स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि जामुल क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत फुटकर व्यापारी समृद्धि के लिए आशा सूर्यवंशी, विषम्भर यादव तथा संगीता पटेल को क्रमशः 20-20 हजार रूपए राशि का चेक वितरण किया गया। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि आज का भूमिपूजन ऐतिहासिक पल है। शासन ने नगरीय निकाय जामुल को आवश्यकता से अधिक राशि विकास के लिए दिया है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, नगर पालिका परिषद जामुल के उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षद चुम्मन वर्मा, प्रभारी लोक निर्माण विभाग खम्मन ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### काला झंडा दिखाने के पहले कांग्रेसी गिरफ्तार

भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यों का भूमिपूजन करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव को काला झंडा दिखाने के पूर्व चार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पहले ही पकड़ कर थाने में बिठा दिया। जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में युवराज वैष्णव, मीनू ताम्रकार, विकास यादव, गोपी वर्मा उनके घर मंगलवार सुबह पुलिस पहुंची और चारों को थाने लेकर आ गई। कांग्रेसियों का आरोप था कि जामुल पालिका क्षेत्र में जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसका पूर्व में कांग्रेस के शासन में हो चुका है।

### जाम लगने से उपमुख्यमंत्री साव को बदलना पड़ा रूट

कुम्हारी टोल प्लाजा मे लगा लंबा जाम लगने से उपमुख्यमंत्री अरुण साव को कुम्हारी का रास्ता बदलकर अमलेश्वर से जामुल कार्यक्रम में आना पड़ा। रुट बदलने में आधा घंटा लग गया। जामुल पालिका परिषद के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुचे थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव बोले सड़को का चल रहा कार्य इसलिए हुआ बिलंब। जल्द बन जाएगी प्रदेश की सभी सड़के बेहतर होगी। लंबे समय से कुम्हारी टोल प्लाजा में जाम लगती आई है। जिसकी व्यवस्था बेहतर नहीं होने से आने जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई वीआईपी यहीं से गुजरते है लेकिन सड़क को लेकर अब तक कोई बेहतर व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

### पत्नी पर चलाया ब्लेड पति गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद के बाद पति ने ब्लैड से कई बार वार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा टीआई पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम भटगांव निवासी शिव प्रसाद नेताम और पत्नी रुपा का अक्सर विवाद हुआ करता था। घटना के दिन विवाद इतकना बढ़ गया कि शिव प्रसाद ने अपनी पत्नी को ब्लैड से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना में रुपा को गला समेत शरीर के विभिन्न अंगो में चोट आई है। पुलिस ने बताया कि पति शिव प्रसाद पत्नी के चरित्र को लेकर हमेशा विवाद किया करता था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ करता था। पत्नी का उपचार अस्पताल में जारी है।

## शिव मंदिर का दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से





**भिलाई।** जेवरा में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसे लेकर 11 और 12 दिसंबर को समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। सरपंच प्रशांत कुमार गौतम ने बताया कि 11 दिसंबर को सुबह 8 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। सुबह कलश यात्रा के साथ बेदी पूजा होगी। 12 दिसंबर को सुबह 9 से 12 बजे के मध्य पूर्णाहुति होगी। इससे पहले विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। दोपहर 12 बजे से भंडारा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव, अहिवारा पालिका के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, हेमंत बंजारे, विक्रांत अग्रवाल, योगेश पांडेय, भुनेश्वर यादव, प्रीति वैष्णव, सतीश साहू, हिरामन बंजारे, केशव साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में पूरा गांव शामिल होगा।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## चार दिन बदली के बाद मौसम खुलने का ऐसा असर

# चार डिग्री सेल्सियस गिरा न्यूनतम तापमान, बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चार दिन से मौसम में आ रहे बदलाव के बाद मंगलवार को आसमान खुला। आसमान साफ होने के साथ ही ठंड भी अचानक बढ़ गई। दुर्ग में एक ही दिन में न्यूनतम तापमान में 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे आया है। न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में व्यापक गिरावट आने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में ये ठंड और बढ़ती जाएगी।

### प्रदेश में आ रही ठंडी और शुष्क हवाएं

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के उत्तर में 3 डिग्री की गिरावट, मध्य में 5 डिग्री गिरावट और दक्षिण में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। ठंडी और शुष्क हवाओं के प्रभाव प्रदेश में लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।



### रात में कंपकंपा रही है ठंड

मौसम में इस बदलाव का असर सबसे ज्यादा रात में होने लगा है। शाम होते ही नम हवाएं तेजी से चलने लगी है और जैसे जैसे रात होती जाती है ठंड और बढ़ता जाता है। दोपहर को वातावरण में आर्द्रता 74 प्रतिशत रही है वहीं शाम को 6.30 बजे आर्द्रता घटकर 42 प्रतिशत तक आ गई। जिसकी वजह से ठंड का एहसास ज्यादा होने लगा है।

### छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर में न्यूनतम तापमान में गिरावट

| | |
|---|---|
| दुर्ग | 4.2 डिग्री सेल्सियस |
| अंबिकापुर | 2.8 डिग्री सेल्सियस |
| बिलासपुर | 4.8 डिग्री सेल्सियस |
| जगदलपुर | 0.7 डिग्री सेल्सियस |
| माना | 5.1 डिग्री सेल्सियस |
| पेण्ड्रारोड | 5.0 डिग्री सेल्सियस |
| रायपुर | 4.9 डिग्री सेल्सियस |
| राजनांदगांव | 3.5 डिग्री सेल्सियस |

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### जिले में मनाया गया रोजगार दिवस

**दुर्ग।** जिले में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। रोजगार दिवस में महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों और कार्यों की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और योजना के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत सामुदायिक कार्यों, हितग्राही मूलक कार्यों एवं प्रधान मंत्री आवास योजना से भी अवगत कराया गया। तालाब, डबरी, कुआं के अलावा जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। ब्लॉक पाटन के ग्राम पंचायत मानिकचौरी, महकाखुर्द, ब्लाक दुर्ग के चंगोरी, विनायकपुर, करगाडीह, रिसामा एवं ब्लॉक धमधा के नवागांव स, बिरोदा, लिटिया, पोटिया एस, खजरी में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा के परिणाम घोषित

**दुर्ग।** सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर को भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर अंतर महाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विवि से संबद्ध 28 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर रितुसाहू शास. नागरिक कल्याण महाविद्यालय नंदनी नगर, अहिवारा, द्वितीय आर्यन चंदेल, सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, तथा तृतीय स्थान पर सूरज सिंह नायक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर घोषित किये गये। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आयषा अहमद ने विजेताओं को बधाई दी है।

### फरीदनगर में मितानिनों का सम्मान

**दुर्ग।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित हमर क्लिनिक फरीद नगर भिलाई के द्वारा मितानिनों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में शशि बागड़े (एएनएम), कु. प्रीति (स्टाफ नर्स), प्रिंस पीयुष टंडन (एमपीडब्ल्यू), भिलाई एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ एवं मजबूती प्रदान करने मितानिनों का जितना जमीनी स्तर पर कार्य एवं योगदान है, वह सराहनीय है। मितानिनों मे सुहाना खान, भुवनेश्वरी वर्मा, जिरोला उइके एवं ऊषा चौहान ने फूलों का गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### मिलरों ने शुरू किया धान का उठाव

**दुर्ग।** पिछले लंबे समय से राज्य शासन और मिलरां के बीच चल रहा गतिरोध थम गया हैं। दोनो पक्षो के बीच सुलह होने के बाद सोमवार से मिलरों ने उठाव शुरू कर दिया हैं। जिला राईस मिल एसोएसिशन के अध्यक्ष विनित जैन ने बताया कि, सोमवार से डीएमओ द्वारा डीओ जारी कर दिया गया हैं। जिसके बाद से मिलरों ने उठाव शुरू कर दिया हैं।

# धान खरीदी में अव्यवस्था पर भड़के कांग्रेसी, सरकार की गिनाई कमियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में धान खरीदी की अव्यस्था से आक्रोशित कांग्रेसियों द्वारा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन दिया गया। इसके आलावा जिले ब्लाक मुख्यालय और ग्रामीण अंचलों में भी विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने राज्य शासन के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए और किसान को परेशान करने का भी आरोप लगाया हैं।

हिन्दी भवन के सामने कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि, किसानों को टोकन मिलने में लंबा समय लग रहा है। कई बार किसानों को निर्धारित तारीख के 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिए बुलाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कांटों की गलत तौलाई 1.5 से 2.5 किलो तक की अतिरिक्त तौलाई का नुकसान हो रहा है। धान उठाव की कमी, सोसायटियों में धान उठाव की उचित व्यवस्था नहीं हो रही है, जिससे बोरे जमा हो गए हैं जगह की भारी कमी हो रही है। अनावरी रिपोर्ट में गलत आंकड़े दिखाए जा रहे हैं और किसानों से पूरी 21 क्विंटल धान नहीं खरीदी जा रही है। भाजपा सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, लेकिन किसानों को अभी तक पूरा भुगतान नहीं हुआ। कांग्रेस ने 3217 रुपये प्रति क्विंटल की मांग की है। कांग्रेस नेता अरुण वोरा के नेतृत्व में शहरी कांग्रेस ने किसानों के हक में आवाज उठाई, जिसमें राजेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष गया पटेल, आरएन वर्मा और महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी दिया।

## जिलेभर में धरना देकर राज्य शासन के खिलाफ जताई नाराजगी

### इन खामियों को गिनाई गई

पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा प्रदेश सरकार ने चुनावी वादों के बाद भी किसानों के लिए कुछ नहीं किया। धान खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी,टोकन वितरण में अव्यवस्था,और इलेक्ट्रॉनिक कांटों में 1.5 से 2.5 किलो तक की तौलाई में कमी ने किसानों के सामने और भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा धान की खरीदी के मुद्दे पर सरकार की उदासीनता स्पष्ट है। किसानों के अधिकारों के लिए हम कांग्रेस पार्टी के झंडे तले इस आंदोलन को तेज करेंगे।




### शासन के खिलाफ दिखी नाराजगी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने कहा हम किसानों की आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं। पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने किसानों के लिए जो वादे किए थे, वे सिर्फ कागजी साबित हुए हैं। महापौर धीरज बाकलीवाल कहा, किसान हमारे समाज के अहम स्तंभ हैं। यदि उनका उत्थान नहीं होगा, तो प्रदेश की प्रगति भी प्रभावित होगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, महिप सिंह भुवाल, अजय मिश्रा सहित कांग्रेस पार्षद एवं सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**नई व्यवस्था :** नल कनेक्शन हर 3 साल में 25 फीसदी होगी महंगी

# गांव में पानी की चोरी हुई तो रोज दस गुना जुर्माने की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहुल शर्मा

जल जीवन मिशन के तहत अब गांव में पेयजल की सप्लाई का काम ग्राम पंचायत करेंगी। इसके लिए महिला समूह व सहकारी समितियों को भी मौका मिलेगा। इसके लिए गांव में हर तीन साल में 25 फीसदी कनेक्शन की राशि महंगी होगी, वहीं अगर पेयजल की टुल्लु पंप से चोरी करने व पानी बहाने का प्रकरण मिला तो दैनिक दर का दस गुना जुर्माने की वसूली की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा मिशन के तहत तैयार हो चुके प्रकरण को ग्राम पंचायतों को हैंडओव्हर किए जाने के निर्देश दिए गए है। जिले में 385 गांव में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है। हालांकि इसमें समूह जल योजना भी शामिल है। जहां नदियों से इंटकवेल बनाकर पानी पहुंचाया जाएगा। इसे छोड़कर पीएचई विभाग को जिले के करीब 183 ग्राम पंचायतों को हैंड ओव्हर करना है। जिसमें से अब तक 43 गांव को मिशन का कार्य हैंडओव्हर भी कर दिया गया है। जिसके बाद योजना का संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। हर साल राशि निर्धारित करने से लेकर सप्लाई में खर्च होने वाली राशि का वहन ग्राम पंचायत करेंगी।

**खास बातें**

- पंचायत व पीएचई को दी गई जिम्मेदारी
- जिले में 183 में 43 ग्राम पंचायत को हैंडओव्हर
- पंचायत में सरपंच और सचिव को वित्तिय अधिकार

**राज्यशासन ने जारी किया अधिसूचना**



### चौबीस घंटे में शिकायत पर होगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत में नवीन कनेक्शन व दुबारा कनेक्शन का कार्य तीन दिवस में किया जाएगा। वही पेयजल का दुरूपयोग की शिकायत पर चौबीस घंटे के अंदर कार्यवाही होगी। वही पेयजल प्रवाह व गुणवत्ता संबंधि शिकायत तीन दिन में होगी। इसके आलावा मरम्मत तीन दिन में होगी। इन सभी के लिए पंचायत सचिव को आवेदन करना होगा।

### हर माह साठ रूपए निर्धारित की गई राशि

घरेलू कनेक्शन के लिए प्रत्येक घर से प्रतिमाह साठ रूपए निर्धारित किए गए है। इसके आलावा अगर सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रति टैंकर एक हजार रूपए ली जाएगी। इसमें अगर कोई उपभोक्ता तय समय में निर्धारित राशि जमा नही करता है तो नोटिस देकर सात दिवस का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी भुगतान नही करने पर कन कलेक्शन कांट दिया जाएगा। लेकिन उसे वापस जोडने बकाया राशि का दुगूना भुगतान करना होगा। वही टूट-फूट कनेक्शन का वहन भी उपभोक्ता करेगा।

### टुल्लू पंप लगाया तो खैर नहीं

राज्य शासन द्वारा जारी अधिूसचना में कहा गया हे कि, यदि कनेक्शन में टुल्लु पंप का उपयोग किया गया तो दैनिक राशि के आधार पर प्रतिदिन दस गुना राशि की वसूली होगी। यही नही 48 घंटे में पंप नही हटाया गया तो नल कलेक्शन कांटने की कार्यवाही करेगी। पेयजल पंजी संधारण की जिम्मेदारी पंचायत सचिव की होगी। जल की गुणवत्ता की जिम्मेदारी पीएचई विभाग की होगी।

### चल रही प्रक्रिया

राज्य शासन के निर्देश के बाद जिले के 43 ग्राम पंचायतों को कार्य हैंडओव्हर कर दिया गया हैं। गर्मी के पहले ग्राम पंचायत को पूरा कार्य हैंडओव्हर कर दिया जाएगा।

**-उत्कर्ष पांडे,** ईई पीएचई दुर्ग

# खरीदी के बीच सोसायटी के आपरेटर करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धान खरीदी के बीच जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले सोसायटी आपरेटरों ने अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। ऐसे में पहले ही अव्यवस्था गुजर

- ताल से किसान और प्रशासन की बढ़ेगी चुनौती

रही धान खरीदी एक बार फिर चरमरा जाएगी। जानकारी अनुसार आगामी बारह दिसंबर से छग समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर प्रदेशभर के आपरेटर शामिल होगें। उल्लेखनीय है कि, धान खरीदी में टोकन जारी करने व पंजीयन सहित खरीदी की प्रक्रिया आपरेटरों के आईडी से होता है। ऐसे में वे अगर हड़ताल पर जाएंगे तो किसानों की समस्या बढ जाएगी। आपरेटरों की मांग है कि, पिछले 17 वर्षो से कार्यरत आपरेटरों को खाद्य विभाग में संविलियन व नवीन वित्त निर्देश के तहत 23350 रूपए वेतन अगस्त 2023 से प्रदान करने, आउटसोर्सिंग से भर्ती को निरस्त करने की मांग की गई हैं।

### जिले में चरमराई खरीदी की व्यवस्था

जिले के 102 उपार्जन केन्द्र में 19 लाख 20 हजार क्विंटल धान जाम हैं। जबकि 95 सोसायटी में बफर लिमिट पार हो गया है यानि यहां धान रखने की जगह नही हैं। हैरानी इस बात की है कि, लाखों क्विंटल धान केन्द्रों में जाम है और उठाव के लिए डीओ 23 हजार क्विंटल यानि एक फीसदी का ही जारी किया गया हैं। उठाव के लिए जारी यह डीओ जाम से निजात नही दिला पाएगी। उठाव समय पर नही होने के कारण पहले से खरीदी के लिए बनाई गई प्लानिंग ध्वस्त हो गई है और किसानों का टोकन निरस्त होने से वे खरीदी से वंचित हो जाएंगे।

# नाराज मंत्री ने कहा- विभागीय कार्यों में लाए कसावट



**दुर्ग।** जिले के प्रभारी मंत्री व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रशासन के विभागीय कार्यो से नाराज दिखे। उन्होंने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि, विभागीय कार्यो में कसावट लाई जाए। उल्लेखनीय है कि, विभाग में लगातार अफसरों की अनुपस्थिति और योजनाओं को लेकर कमजोर मानिटरिंग की शिकायत सामने आते रही हैं। मंत्री से भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की शिकायत भी की थी। प्रभारी मंत्री जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होने सोमवार को देर रात सर्किट हाउस में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम काज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय कार्यों में कसावट लाने की बातें कही। बैठक के दौरान जिले में निर्माण कार्यों, आवास प्लस अंतर्गत हितग्राहियों का आवास आबंटन, शहरी क्षेत्रों में आबादी पट्टा वितरण एवं सर्वे पर चर्चा हुई। इसी प्रकार रिसाली में कॉलेज भवन के लिए जमीन हेतु बीएसपी के साथ समन्वय कर उपलब्ध कराने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कार्यवाही, जमीन त्रुटि सुधार कार्य प्राथमिकता के साथ कराने और राशन दुकान संचालकों के प्रकरणों पर कार्यवाही आदि पर भी चर्चाएं हुई। इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव और ईश्वर साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक की पहल से पांच स्थान पर डोमशेड की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला खनिज न्यास मद से 2 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति मिली है। अब शहर के 5 स्थान पर डोमशेड

- जिला खनिज मद से 2 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति

लगेगा। जलप्रदाय को बेहतर बनाने दुर्ग निगम के फिल्टर प्लांट में तकनीकी कार्य कार्य मंजूरी मिली है। मॉर्निंग विजिट एवं जनसम्पर्क के दौरान शहर की जनता ने मुलभुत समस्याओं को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव से मांग की गई थी। जिसे जिला खनिज एवं न्यास मद से 9 स्थानों पर विभिन्न कार्य के 2 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति प्रदान किये है। वार्ड के नागरिकों ने सामाजिक धार्मिक आयोजन के लिए डोमशेड निर्माण की मांग किये थे, जो अब जल्द पूरी हो जाएगी। दादा दादी नाना नानी पार्क में योगाभ्यास के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचते है, उनके लिए सुंदर सा मैट लगेगा। पटेल चौक के पास कलेक्टर ऑफिस व जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यालय होने से चौक पर ट्रैफिक दबाव रहता है। जिसे नियंत्रित करने उपकरण लगेंगे ताकी वाहनों को आने जाने में परेशानी न हो।



### यहां होंगे स्वीकृत राशि से कार्य

वार्ड 59 साकेत कॉलोनी में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड आदित्य नगर में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड 57 रामनगर बघेरा में 10 लाख से टिन शेड निर्माण, वार्ड 18 मानस वाटिका के पास 10 लाख से डोम शेड निर्माण, नाना नानी पार्क में योगा अभ्यास के लिए मैट लगाने का कार्य 10 लाख, पेयजल आपूर्ति हेतु फिल्टर प्लांट में इनर पैनल व सिविल कार्य 70 लाख, पटेल चौक में ट्रैफिक सुधार हेतु 98 लाख, वार्ड 35 शिवपारा बजरंग नगर में मंच निर्माण हेतु 9 लाख स्वीकृत हुए है।

## मार्शल आर्ट के कोच को नेशनल अवार्ड मिलने पर महापौर ने ट्राफी देकर किया सम्मानित



**दुर्ग।** महापौर कक्ष में मार्शल आर्ट फुल कान्टैक्ट कराते व किक बॉक्सिंग के गुरु सेनसाई गिरी राव के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में फुल कान्टैक्ट कराते व गर्ल सेल्फ डिफेंस के लिए लगातार तीन वर्षों से 2021, 2022 एवं 2023 वर्ष को बेस्ट कोच का नेशनल अवार्ड मिलने पर छत्तीसगढ़ के साथ दुर्ग शहर को भी गिरी राव ने गौरवान्वित किया। इसके लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ सभापति राजेश यादव, पार्षद अरुण सिंह, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, जमुना साहू, शंकर ठाकुर, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, अमित देवांगन, राय सिंह डिकोला एवं संस्था के प्रशिक्षक राम कुमार पाण्डेय, मनोज नेताम, राकेश ठाकुर, हरीश साहू, मोहम्मद शमीम उपस्थित थे। इस अवसर पर सेनसाई गिरी राव को सभापति ने माला व महापौर धीरज बाकलीवाल ने गिरी शाल पहनाकर श्री फल भेंट कर नगर निगम दुर्ग कि ओर से ट्राफी देकर सम्मानित किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अण्डा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

विषय :-सीमांकन/स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 4-11-2024 के आदेशानुसार सलीम गोरी आ. नूरदीन गोरी एवं अन्य 01 निवासी दुर्ग, ग्राम अण्डा प.ह. नं 32 स्थित भूमि खसरा नंबर 291/2, 292/2 रकबा 0.0050 हे., 0.20 हे. भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 13-12-2024 को पूर्वान्ह अपरान्ह ।। से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज, नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक:- 09-12-2024

राजस्व निरीक्षक
अण्डा तहसील व
जिला-दुर्ग (छ.ग.)




**जिला प्रशासन ने किया स्वच्छता अभियान का आयोजन**

# स्वच्छता शुल्क देने ग्रामीणों से की गई अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला पंचायत के निर्देशन में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का जिला स्तरीय समापन

- जिलास्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन जामगांव आर में किया गया

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत जामगांव (आर), जनपद पंचायत पाटन में किया गया।

विकासखंड स्तर पर ज.पं दुर्ग से ग्रा.पं. समोदा एवं चंदखुरी, जप धमधा से ग्रा.पं. जोगीगुफा, टेमरी एवं ज.पं. पाटन के ग्रा.पं. पतोरा व अमलीडीह को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग के द्वारा ग्रा.पं. समोदा, ज.पं. दुर्ग, ग्रा.पं. जोगीगुफा, ज.पं. धमधा एवं ग्रा.पं. पतोरा, ज.पं. पाटन का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जामगांव (आर) के पात्र स्वीकृत हितग्राही ढालसिंग साहू, खिलेश्वरी साहू, लक्ष्मी वर्मा, राजकुमारी, सुरेखा साहू, सीमा सेन आदि को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक प्रदान किया गया। जागेन्द्र कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.पं पाटन के सक्रिय योगदान में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का शुभारंभ 19 नवम्बर, 2024 को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोलिहापुरी, जनपद पंचायत दुर्ग से किया गया था। अभियान अंतर्गत 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2024 तक तिथिवार स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।



### बेस्ट शौचालय पर किया गया सम्मानित

बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता अंतर्गत प्रत्येक ग्रा.पं. से 02 बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय को ग्रा.पं. स्तर पर सम्मानित कर नामांकन जनपद पंचायत स्तर पर भेजी गयी। जनपद पंचायत स्तर पर प्राप्त नामांकन में से 3 बेस्ट शौचालयों के हितग्राहियों को विकासखंड स्तर पर सम्मानित कर उनकी जानकारी जिला स्तर पर भेजी गई तथा जिला स्तर पर प्राप्त नामांकन में से 05 बेस्ट शौचालयों के हितग्राहियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में लोकार्पण व भूमिपूजन आज

**कुम्हारी।** कुम्हारी वार्ड क्रमांक 14 स्थित सोनकर सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन 11 दिसंबर को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल करेंगे। भवन के लोकार्पण को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल कल से

**अंडा।** छग के कम्प्यूटर ऑपरेटरों के कारण प्रदेश में धान खरीदी सफलता पूर्वक हो रहा है। लेकिन उनके मागों को सरकार लगातार नजर अंदाज कर रही है। इन्ही मागों को लेकर वे 12 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। उनकी मांग है कि अप्रैल 2025 में आउटसोर्सिंग की कार्यवाही, विभाग तय नही हुआ, वेतन वृद्धि नही हुआ, समय में वेतन नही मिलता फिर से 24-25 का ये पांचवा माह रनिंग चल रहा है वेतन नही आया है, अगस्त 23 के वेतन के संबंध में शासन कोई जवाब नही दे रहे हैं, जो पिछला 7 माह का वेतन जारी हुआ उसमे भी बहुत लोग का कटोती किया गया, पिछले हड़ताल के 37 दिन को कार्य अवधि मानने हेतु कोई आदेश शासन द्वारा जारी नही किया गया, खाद्य मंत्री बोलते है की मै कौन आश्वासन नही दिया हूँ।

## निधन

### चमारीन बाई मानिकपुरी



**सेलूद।** ग्राम फेकारी निवासी चमारिन बाई मानिकपुरी पति स्व. पीताम्बर दास मानिकपुरी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम सस्कार 9 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे फेकारी मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर दास व वेद शरण दास मानिकपुरी की मां थीं।

### सुभाष बारिक



**भिलाई।** सेक्टर 1, सड़क 33 निवासी एवं बीएसपी कर्मचारी सुभाष बारीक उम्र 55 वर्ष का निधन 10 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 दिसंबर को दोपहर 2 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी एवं अंतिम संस्कार नेहरू नगर स्थित ईसाई कब्रिस्तान में होगी। वे प्रीती बारीक के पति, महिमा एवं साहिल बारीक के पिता थे।

### राजकुमार जैन



**दुर्ग।** हास्पिटल सेक्टर भिलाई स्ट्रीट डब्ल्यूएचए क्वार्टर 3/बी निवासी राजकुमार जैन का निधन दस दिसंबर को हो गया हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से सुबह ग्यारह बजे निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी शकुंतला जैन, पुत्र अतुल्य, पुत्री नीलू व शीलू सहित भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

## केन्द्रों में बंफर लिमिट से ज्यादा हुई खरीदी, बंद हो सकती है धान खरीदी

# टोकन की समस्या किसानों के लिए बनी सिरदर्द, 26 दिन बाद भी परिवहन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

### भाजपा ने अपने चहेतों को बना दिया प्राधिकृत अधिकारी



प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी का राज्य की भाजपा सरकार धान खरीदी शुरू किया। धान खरीदी केन्द्रों में बंफर लिमिट से ज्यादा खरीदी हो गई है, भाजपा ने अपने चहेतों को धान खरीदी केन्द्रों में प्राधिकृत अधिकारी बना दिया, लेकिन फिर भी सिस्टम ही ठप्प पड़ा है, वहीं किसानों को ऑनलाइन टोकन काटना गांव देहात क्षेत्रों में सिरदर्द बन गया है। कई किसानों के पास स्मार्ट फोन है, तो कई किसानों के पास कीपेड मोबाइल होने से कभी सेवा सहकारी समिति तो कभी च्वाइस सेंटर में जाकर टोकन के लिए पैसा देना पड रहा है। ऑनलाइन टोकन में सर्वर यीषु के कारण कई बार किसानों को सुबह से अपनी पारी का इंतजार कर मायूस होकर निराश लौटना पड़ता है, वहीं अपने खलिहान में धान की ठंड में रखवाली करना पड़ रहा है। बड़े किसान तीन बार टोकन लेकर धान बेच सकते हैं,जबकि तीस प्रतिशत ही बड़े किसानों से पहली टोकन में हो रही है। वहीं किसान हेमलाल देशमुख ने बताया कि किसानों का केसीसी ऋण पूरा कट रहा है, सिर्फ खाते में 2300 रुपये प्रति. किग्रा की दर से आ रहा है, जबकि किसान धान बेचकर शादी सहित कई बडे कार्य करते हैं। वही सरकार एकमुस्त किसानों का मेहनत का मूल्य देवें। वहीं आलबरस, अंडा, कुथरेल, तिरगा, निकुम में बंफर लिमिट खरीदी स्टॉक है, जबकि धान खरीदी के 26 दिन बाद परिवहन व्यवस्था ढप्प पडी है। वहीं धान खरीदी की अव्यवस्था को लेकर किसानों में काफी नाराजगी दिख रही है, गौर हो कि कुछ महीने बाद पंचायत चुनाव में किसानों के नाराजगी असर दिखेगा।

### समस्याओं को लेकर किसानों में नाराजगी



**अंडा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशानिर्देश और जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ धान खरीदी के मामले में हो रहे अत्याचार के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ग्राम अंजोरा (ख)किया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, केश कला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नन्द कुमार सेन, जनपद सदस्य टीकेश्वरी लाल देशमुख, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, जिला पंचायत सभपति लक्ष्मी साहू, युवा अध्यक्ष जयंत देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड सहकारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, मोहन हरमुख, हेमंत देशमुख महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, सेवादल एवं जिला, जनपद, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के समस्त कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपथित थे।

### कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र में किया प्रदर्शन

**कुम्हारी।** धान खरीदी केंद्र कुम्हारी में किसानों को हो रही परेशानी एवं अन्य समस्याओं को लेकर विरोध स्वरूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी ने मंगलवार को सेवा सहकारी समिति के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बारदानों की कमी, टोकन व्यवस्था में गड़बड़ी, इलेक्ट्रॉनिक कांटे में अधिक तौल,सोसायटी में जगह की कमी और अनावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी जैसी कई समस्याओं को लेकर सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सरकार से मांग की है कि वह किसानों की इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करे। बता दें कि 14 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हुई धान खरीदी में किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने 3 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया था, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण और पदाधिकारी धान खरीदी केंद्रों में जाकर किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी थीं। धरना प्रदर्शन में प्रमोद सिंह राजपूत अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी, पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद मनहरण यादव, महेश सोनकर, विजय वर्मा, टोपी लाल कुर्रे, दुर्गेश सोनकर, गिरिश देवांगन, राजा सोनकर, सोनू यादव, दिलीप चौधरी, आशीष सिंह एवं राम गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।



### परिवहन की समस्या से किसानों में आक्रोश का माहौल

**जामगांव आर।** धान खरीदी केंद्रों में खरीदी तेज गति से जारी है। आन लाइन टोकन 15 जनवरी 2025 तक और ऑफ लाइन टोकन ग्राम रोस्टर पद्धति से वितरित व्यवस्थित तरीके से हो रही है। किसानों को टोकन की परेशानी से ज्यादा परिवहन के अभाव में सोसायटी में जगह की कमी के चलते खरीदी बंद हो जाने की खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को परिवहन प्रारंभ होने की खबरें सामने आई थी, लेकिन यह खबर केवल अफवाह बनकर किसानों के लिए सिरदर्द बनने लगी है। वहीं शाखा प्रबंधक संतराम सेन जामगांव आर केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर ने बताया कि चार सोसायटी जामगांव आर, बटरेल, भरर, कुम्हली में 2176 किसानों ने 1 लाख 7 हजार 575 क्विंटल धान 24 करोड़ 82 लाख 4 हजार में बेचकर 8 करोड़ 42 लाख 56 हजार रुपए का ऋण भी अदा कर चुके हैं। अब चारों सोसायटियों को 1 लाख 48 हजार 529 क्विंटल धान खरीदना शेष है और समय पर्याप्त है। समस्या केवल परिवहन की है परिवहन का आश्वाशन का क्रियान्वयन नहीं हुआ तो सोसायटी में धान रखने की समस्या आते ही खरीदी बंद हो जाना स्वाभाविक है। डीडाभाठा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि 8 करोड़ 18 लाख 688 रु की धान खरीदी हो चुकी है। परिवहन की समस्या हल होने की संभावना बनी हुई है। ऑनलाइन टोकन 15 जनवरी 2025 तक और ऑफ लाइन टोकन 10 जनवरी 2025 तक वितरित की जा चुकी है। सोसायटी में जब तक जगह है खरीदी जारी रहेगी। परिवहन चालू होते ही जगह बनती जाएगी। पर्याप्त समय है धान खरीदी के लिए कोई भी किसान वंचित नहीं होंगे।



## अंचल की खबरें

### विद्यार्थियों ने चलाया जागरुकता अभियान




**पाटन।** पाटन महाविद्यालय समाजकार्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने ग्राम देमार में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राएं एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें गांव के सभी घरों में जाकर जानकारी एकत्र किया गया और जानकारी प्रदान भी किया गया। जिसमें वृद्धा पेंशन योजना की जानकारी के साथ-साथ अतिरिक्त जानकारी भी मिला। वहीं इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन के तहत 26 विधवा पेंशन, 16 निःशक्तजन पेंशन, 2 सामाजिक सुरक्षा योजना, 15 सुखद सहारा योजना, 6 मुख्यमंत्री पेंशन योजना, 64 जिसमें कुल 129 लोगों को लाभ मिल रहा है। उक्त कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच पूर्णिमा ईश्वरी वर्मा का योगदान महत्वपूर्ण रहा। साथ ही समाजकार्य के प्रो. राहुल चौधरी, अभिषेक वर्मा के सानिध्य में समाज कार्य प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरीः विधायक ललित



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंडेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी से सम्मानित पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साह को बढ़ाया। यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक स्पिरिट को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, और हमें जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। यह हमें अपने दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है, और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर पार्षद विक्की चंद्राकर, पार्षद छाया दुर्गेश साहू, जिला मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, गोविंद साहू, सुरभि, सुरुचि व आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी उपस्थित थे।

### शिविर में ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ




**सेलूद।** प्रिज्म कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान से रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामकली यादव वरिष्ठ अधिवक्ता छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पूजा से हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि डॉक्टर दस रघुवंशी एनएसएस समन्वयक छत्तीसगढ़ स्वामी टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई उपस्थित थे। एचडीएफसी ब्रांच चरोदा की मैनेजर आलोक एवं उनकी टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रिज्म संस्थान के साथ अग्रसर होकर अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी रायपुर डक्स ब्रांच से देवेंद्र दुबे एवं उनकी टीम द्वारा समस्त जांच प्रक्रिया द्वारा रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस श्रृंखला में रक्त समूह, रक्त शर्करा एवं रक्त ग्रुप का जांच भी किया गया। जिसमें प्रिज्म संस्थान के समस्त कर्मचारी गणों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया साथ ही रक्तचाप, हाइट वजन का भी मापदण्ड किया गया जिसमें प्रिज्म कॉलेज के फार्मेसी विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने अपना सहयोग प्रदान किया। जांच समूह में रुंगटा डेंटल कॉलेज द्वारा भी शिविर में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया जिसका मार्गदर्शन डॉक्टर कर्णिका डेंटिस्ट एवं उनकी टीम ने लोगों के दंत चिकित्सा से किया। सेलुद हॉस्पिटल से डॉक्टर मानसिंह यादव जनरल फिजिशियन एवं मेकाहारा रायपुर से डॉक्टर मनीष यादव जनरल फिजिशियन ने भी अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शिविर में उपस्थित ग्राम महका खुर्द महक कल पंडोर भिलाई 3 उतई डुमरी एवं अन्य ग्रामीणों की निशुल्क चिकित्सा परामर्श कर अपना योगदान प्रस्तुत किया जो अत्यंत सराहनीय कार्य रहा। इस शिविर को की सफलता के लिए प्रिज्म संस्था के अध्यक्ष रुपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर परमिता मोहंती, डायरेक्टर ख्याति साहू, डायरेक्टर असीम साहू ने बधाई प्रस्तुत की।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**अंडा।** ग्राम आलबरस में शहिद वीर भगत सिंह खेल क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो, गोला फेक और मैराथन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता ने खेलों के प्रति जागरूकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर पर अध्यक्ष राजा देशमुख, उपाध्यक्ष हेमंत देशमुख , सेवा सहकारी समिति अंडा अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, उप सरपंच ग्राम पंचायत अंडा अमित चन्द्राकर, जय कुमार, संजय कुमार नेताम, योगेंद्र कोसरे, डुमेंद्र देशमुख, गोपी, चोवा राम, रुस्तम साहू, नीतू साहू, वर्षा निषाद, उमा, गणेश्वर पारकर, देवीसिंह, डालाराम, पीलाराम, भारत लाल, लिकेश्वर देशमुख, बसंत प्रताप यादव, आशा प्यारे एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

### नौनिहालों के लिए लगाई ऑरो वाटर मशीन

**निकुम।** ग्राम पंचायत भोथली में दिव्यांग सरपंच की नई उर्जावान सोच व समय-समय पर ग्रामीणों को जनजागरुकता के कारण बेहतर प्रयास किया जा रहा है। यही सोच को लेकर आंगनबाड़ी में कुपोषण से मुक्त करने का संकल्प लेकर सुरेश साहू ने गांव के कुपोषित बच्चों को गोद लेकर लगातार मानीटिरिंग करने व बच्चों के माता-पिता को प्रेरित करने के कारण अब सभी कुपोषण से मुक्त हो गये। वहीं आंगनबाड़ी में सरपंच के अच्छे प्रयास के कारण बच्चों के मनोरंजन के लिए कार्टून, गीत, जीके व सहित विविध गतिविधियों के लिए स्मार्ट टीवी दिया गया। वहीं बच्चों को सुरेश साहू मुंह मीठा कराकर वाटर प्युरी फायर ऑरो मशीन दिया। इस अवसर पर साहू ने कहा कि स्वास्थ्य व मनोरंजन मिल रहा है।



## भगवान की जो शक्ति है वही भक्तों की रक्षा करती है : पं सुरेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ कुथरेल में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा जारी

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का दूसरे दिन मंगलाचरण महाभारत खंड एवं परीक्षित जन्म कथा का आनंद श्रोतागणों ने लिया। जिसमें कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने विस्तार से परीक्षित जन्म की कथा बताई। कथावाचक ने बताया कि बंधनो का कारण हमारा मन है इसी मन के कारण कोई संपत्ति से बंधा है कोई परिवार से कोई व्यापार से यही हमारा मोह है मन के द्वारा ही हमारी बंधन है और हमारी मुक्ति है जैसे ताले में चाबी एक होता है पर काम दो आता है एक बंद करने का एक खोलने का इस तरह हमारा मन भी एक है पर काम दो करते हैं।

जब तक भगवत भक्ति मार्ग का पालन नहीं करेंगे तब तक परम सुख शांति की प्राप्ति नहीं हो सकती।

यज्ञ कार्यक्रम के प्रभारी दुलारी देवांगन ने बताया कि सुबह 8:00 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आज शुभारंभ हुआ जिसमें लोगों ने आहुति प्रदान की साथ ही यह यज्ञ प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें विभिन्न प्रकार के संस्कार निशुल्क रूप से कराए जाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से पुंसवन संस्कार नामकरण संस्कार और अन्नप्राशन संस्कार विद्यारंभ संस्कार एवं दीक्षा संस्कार शामिल है।

## अंचल की खबरें

### ग्रामीण चिकित्सक भी बचा सकते हैं हृदयरोगियों की जानः डॉ. असलम



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. असलम खान ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को जल्द से जल्द किसी हार्ट हॉस्पिटल में ले जाने की सलाह दी जाती है, पर ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को शहरों में स्थित अस्पतालों तक पहुंचने में अकसर देर हो जाती है। ऐसे रोगियों की जान बचाने में ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के चिकित्सक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डॉ. खान परिधीय क्षेत्र में आयोजित सीएमई में ग्रामीण चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कैथलैब की सुविधा आ जाने के बाद शहर क्षेत्र में तो आशतीत सुधार हुआ है पर ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पाता। यदि ऐसे मरीजों को शहर भेजने से पहले उन्हें थ्रॉम्बोलाइज कर दिया जाए तो उनके बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। रोगी को शहर जाने और इलाज कराने के लिए थोड़ा वक्त मिल जाता है। डॉ. असलम ने बताया कि थ्रॉम्बोलिसिस रक्त में बने थक्कों को तोड़ता है। नए थक्के बनने से रोकता है। इससे रक्त प्रवाह में सुधार होता है और शरीर के अंगों और आपात स्थिति टल जाती है। इससे ऊतकों को नुकसान कम होता है। दिल का दौरा, स्ट्रोक, या फेफड़ों में रक्त के थक्के जैसी स्थितियों में थ्रोम्बोलिसिस का इस्तेमाल किया जाता है। थ्रोम्बोलिसिस से डीप वेन थ्रोम्बोसिस, परिधीय धमनी रोग जैसी स्थितियों से जुड़े रक्त के थक्के भी भंग होते हैं।

**बढ़ जाता है गोल्डन आवरः** दिल का दौरा पड़ने के बाद के पहले 60 मिनट को गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान तुरंत चिकित्सा हस्तक्षेप करने से हृदय की क्षति को कम किया जा सकता है और जान बचाई जा सकती है। अगर इलाज में देरी हो जाए, तो अगले छह घंटों के अंदर दिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकता है और मौत हो सकती है। थ्रॉम्बोलिसिस ऐसी स्थिति में रोगी को कुछ और वक्त दे देता है।

**शिविर में देखे 60 से अधिक मरीजः** सीएमई से पहले यहां पंचायत के सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 800 से अधिक मरीज पहुंचे जिनमें से 60 से अधिक मरीजों में हृदय रोग के लक्षण दिखे। डॉ. असलम ने इन रोगियों की जांच कर उन्हें दवा के साथ साथ जरूरी हिदायतें भी दीं।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गोद भराई व सुपोषण दिवस

# गर्भवती महिलाओं को जांच व देखभाल की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गांधी नगर ग्राम अंडा आंगनबाड़ी केन्द्र 3 में शुक्रवार को गोद भराई रस्म सह सुपोषण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। गोद भराई रस्म अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शकुन साहू एवं सहायिका द्वारा पोषक क्षेत्र के चिन्हित गर्भवती महिला सपना धीवर का रीति रिवाज व सम्मान के साथ गोद भराई की रश्म एवं सुपोषण दिवस मनाया। इस दौरान गर्भवती महिला को प्रसव पूर्व जांच व उचित देखभाल एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने की सलाह दी गई तथा रीति रिवाज के तहत उपहार स्वरूप पोषण पोटली व अनेक सामान का तोहफा के तौर पर भेंट किया गया। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार व जांच जरूरी, एएनएम भारती एवं सीएचओ दामिनी सिन्हा, मुकेश साहू ने बताया कि ने पौष्टिक आहार ग्रहण करने से ना सिर्फ गर्भवती महिलाएं स्वस्थ रहती हैं। बल्कि, गर्भ में पल रहे बच्चे का भी सर्वांगीण विकास होता है। गर्भ काल मे सही देखभाल एवं खानपान में पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है ।उसके अलावा टेटनस का इंजेक्शन ,कैल्शियम, आयरन फोलिक एसिड की गोली लेना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य पर ही जन्म लेने वाले नवजात का सेहत निर्भर रहता है इसलिए गर्भ काम मे गर्भवती का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को एनीमिया, डायरिया जैसे रोग से बचाव तथा पौष्टिक आहार, स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षका पेमीन नांगवंशी, प्रेमिन चन्द्रकार, ग्राम के सुमित्रा सिन्हा, देविका ठाकुर, रितु ठाकुर उपस्थित थीं।



गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार के अहम सदस्य को सुरक्षित गर्भावस्था के लिए पौष्टिकता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह देना गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारियों को उपलब्ध कराना ताकि वे आसानी से इनकी सेवाएं प्राप्त कर सकें। गर्भवती महिला के प्रति संवेदनशीलता एवं परिवार के सदस्यों द्वारा की जाने वाले देखभाल के प्रति जागरूक करना। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले लाभ के बारे में उन्हें जागृत करना। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभों के बारे में जानकारी देना।

### स्तनपान के महत्व के प्रति लोगों को किया जागरूक

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र अंडा में गोद भराई एवं सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का रीति रिवाज से गोद भराई रस्म किया गया। साथ में स्तनपान के महत्व के बारे में महिलाओं एवं आम जनों को जागरूक कियाजा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं कुपोषण से शिशु को बचाने में स्तनपान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। उन्होंने कहा जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने वाले नवजात शिशुओं में मृत्यु की संभावना 20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। इस दौरान बोतलबंद दूध पिलाने से होने वाले खतरे के लिए जागरूक किया गया।

# पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई इलाज के लिए मोहताज, पेंशन घोषणा का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय मंच से पंडवानी को बुलंदियों तक पहुंचाने वाली पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई इन दिनों इलाज के लिए एक -एक पैसे के लिए मोहताज है। करीब डेढ़ साल से बीमारी झेल रही रही पंडवानी गायिका तीजन की तबियत सुधरने के बजाय लगातार बिगड़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने पद्म विभूषण से अलंकृत कलाकारों को पेंशन देने की घोषणा की है लेकिन यह अब तक लागू नहीं हो पाई है। तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के ऐसे कलाकारों के लिएए 25 हजार महीने का पेंशन ऐलान विधानसभा में किया था।

## डेढ़ साल से बीमारी झेल रही है तीजन बाई, आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा परिवार

### कलाकारों के लिए बजट में यह प्रावधान

छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के लिए 90 करोड़ 50 लाख 39 हजार रुपए का बजट कलाकारों के लिए रखा है। इसी राशि से 25 हजार महीने पेंशन दिया जाना है। वर्तमान में पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई को केंद्र सरकार के पेंशन के नाम पर 4 हजार 3 सौ 66 रुपए मिलते हैं। प्रदेशभर के कलाकारों ने उनके लिए राज्य सरकार से मदद मांगी है।



### बिगड़ रही है लगातार सेहत

डॉ. तीजन ने अब बात करना भी बंद कर दिया है। उनकी सेहत में सुधार होने की बजाए धीरे-धीरे बिगड़ रही है। दो महीने पहले ब्लड प्रेशर बढ़ने की वजह से लकवाग्रस्त हो गई थी। डॉक्टरों के परामर्श पर फिजियोथैरेपी हो रही थी। उसके बाद उसे बंद कर दिया गया था। फिजियोथेरेपी दोबारा शुरू नहीं हो सकी है। करीब डेढ़ साल से वे बिस्तर पर ही है। घरवाले भी अब उनके इलाज में होने वाले खर्च को लेकर परेशान है।

### परिजन जमा पूंजी से करवा रहे इलाज

परिजनों ने बताया कि डॉ. तीजन का इलाज में होने वाला खर्च उनकी जमा पूंजी से ही किया जा रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। वही पंडवानी की पुरोधा मानी जाने वाली डॉ. तीजन बाई के बीमार पड़ते ही उन सभी लोगों ने किनारा कर लिया जो कभी उनके बुलंदियों के दिनों में साथ हुआ करते थे। उम्रदराज हो चुकी डॉ. तीजन अब लोगों को पहचान नहीं पाती, लेकिन जिंदगी भर मीडिया की चकाचौध के बीच रह चुकी कैमरे के सामने फोटो खिचंवाना नहीं भूलती। इशारों से ही सही लेकिन वे लोगों को अभिवादन भी करती है।

### तेलंगाना सरकार दे रही पेंशन

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि राज्य सरकार तेलंगाना के पद्म पुरस्कार विजेताओं को 25 लाख नकद और 25,000 की मासिक पेंशन देगी । उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में इस वर्ष के पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के बाद यह बात कही। केंद्र सरकार ने तेलंगाना की पांच हस्तियों - दसारी कोंडप्पा (कला), ए वेलु आनंद चारी (कला), जी सम्मैय्या (कला), कुर्रेला विट्ठलाचार्य और केथवथ सोमलाल (साहित्य और शिक्षा) के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी की दुर्घटना में मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से एक्टिवा सवार बीएसपी कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खोजबीन में जुटी हुई है। नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी सुभाष बारिक बीएसपी में कार्यरत थे। अपने घर से मंगलवार की भोर से निकला था। हादसा नंदिनी अहिवारा स्थित बीरेभाठ एड मास्को कंपनी के पास बीएसपी कर्मी को अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया। हादसे में सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक सुभाष के एक बेटी व बेटा है। शव को मरचूरी में पीएम के लिए रखा गया है। पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौपा जाएगा।

### रक्तदान शिविर कल

**अंडा।** शहीद वीर नारायण सिंह दिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र निकुम में रखा गया है।

### नये साल में लगेगा पाटन में हेल्थ कैम्प

**भिलाई।** बीएसपी और जिला चिकित्सालय के सहयोग से पाटन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बता दें कि 8 जनवरी 2025 तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में पाटन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएसपी अधिकारी डॉ. एम सरस्वती, सुसन जैकब, प्रभा सैमुअल, अशरफ अली, शंभू दयाल डॉक्टर जैन उपस्थित थे।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जारी आदेश को निरस्त करने की मांग

# हाईकोर्ट के निर्देश पर बना हुडको मैदान में गार्डन, तहसीलदार ने हटाने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रबिन्द्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी के सामने खाली जमीन को लेकर चल रहा विवाद किसी से छिपा नहीं है। हाईकोर्ट के निर्देश पर लाखों रुपए खर्च कर खाली जमीन पर गार्डन का निर्माण किया गया है। इस मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। अब तहसीलदार ने इस जमीन पर बने गार्डन को 7 दिन के अंदर हटाने का निर्देश जारी किया है। मजे की बात है कि तहसीलदार ने 3 दिसंबर को जारी आदेश में हाईकोर्ट के गलत याचिका नंबर का उल्लेख करते हुए आदेश जारी किया था। जब उन्हें गलती का आभास कराया गया तो उनके द्वारा 10 दिसंबर को गलत याचिका नंबर को सुधारते हुए अब नया नोटिस जारी किया गया। वहीं हुडको कालीबाड़ी समिति ने कलेक्टर, तहसीलदार और नगर निगम भिलाई आयुक्त को हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन को हाईकोर्ट से पारित आदेश को भी ज्ञापन के साथ संलग्न किया गया है। हालांकि हाईकोर्ट में अभी भी सुनवाई जारी है।

हुडको कालीबाड़ी के जनरल सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा हाईकोर्ट में शिकायत की गई थी कि जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। दोनों पक्षों के सहमति के बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर खाली जमीन में गार्डन का निर्माण और फेंसिंग किया गया है। न्यायालय के निर्देश पर इसका नक्शा भी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। वहीं अब तहसीलदार ने अचानक एक नोटिस जारी करते हुए 7 दिन के भीतर इस गार्डन को हटाने की बात कही है जो समझ से परे है। हुडको कालीबाड़ी के जनरल सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने कलेक्टर और तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि हुडको निवासी देवेन्द्र जंघेल, शंभूशरण सिंह एंव अन्य व्यक्तियों द्वारा उच्च न्यायालय में एक याचिका डब्ल्यू पी (सी) नं. 4606/2024 प्रस्तुत कर यह सहायता चाही गई कि रविन्द्र निकेतन कालीबाडी हुडको द्वारा कालीबाडी के खुले स्थल पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोका जाये एवं वहीं सरकारी भूमि पर बनी इमारत की तालाबंदी की जाये । यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि याचिकाकर्ता ने अपनी उक्त याचिका में इस तथ्य को उच्च न्यायालय से छिपाया गया उनके द्वारा प्रस्तुत एक अवमानना याचिका नं. 1018/2024 में न्यायालय ने रविन्द्र निकितेन के पदाधिकारियों को उक्त सरकारी भूमि जो कि गार्डन के लिये चिहिन्त है पर अपने व्यय से एक उद्यान का निर्माण करने और वृक्षारोपण करने हेतु आदेशित किया था। उच्च न्यायालय द्वारा उक्त याचिकाकर्ताओं की सहमति से उद्यान बनाने का आदेश पारित किया था। यह आदेश याचिका नं. 1018/2024 में 22 अगस्त 2024 को पारित किया गया था। वहीं 9 सितंबर 2024 को पारित आदेश में उच्च न्यायालय ने उक्त याचिकाकर्ताओं को गार्डन के फेंसिंग कार्य में कोई बाधा नहीं डालने का निर्देश दिया था। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि हाईकोर्ट से पारित आदेश से स्पष्ट है कि हुडको की इस खाली भूमि पर उच्च न्यायालय के आदेश एवं याचिकाकर्ताओं की सहमति के पश्चात हमारे द्वारा अपने व्यय से गार्डन का निर्माण किया गया है और इसकी सुरक्षा एवं उचित संधारण के लिये पोल लगाकर फेंसिंग की गई है अर्थात हमारे द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश का पालन किया गया है। किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण अपने हित के लिये नहीं किया गया है। उक्त उद्यान का उपयोग आज समस्त रहवासियों द्वारा स्वतंत्र रुप से किया जा रहा है।

### हुडको गार्डन के मामले में आया नया मोड़, विवाद गहराया



### तहसीलदार पर लगाया गलत आदेश पारित करने का आरोप

रुपक दत्ता ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि याचिका क्रमांक डब्ल्यू (सी) नं. 4606/2024 में पारित आदेश 13 नवंबर 2024 में कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम भिलाई को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन पर विचार कर उसे निराकृत करें। न्यायालय ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया है कि न्यायालय द्वारा गुण दोष पर कुछ भी व्यक्त नहीं किया गया है। यह संबंधित प्राधिकारी (कलेक्टर एवं आयुक्त) को अभ्यावेदन पर गुण दोष पर निर्णय लेने एंव कार्य करने कहा है, लेकिन इस प्रकरण में तहसीलदार नजूल ने आदेश दिनांक 13 नवंबर 2024 की गलत व्याख्या कर एवं याचिका नं. 1018/2024 में पारित आदेशों की अवहेलना करते हुए बिना हमें सुनवाई का अवसर दिये मनमाने तरीके से आदेश 3 दिसंबर 2024 को पारित किया है। जबकि तहसीलदार नजूल को उक्त आदेश पारित करने का माननीय न्यायालय ने कोई निर्णय अपने आदेश 13 नवंबर 2024 में नहीं दिया है।

### गलत याचिका के आधार पर हुआ आदेश

तहसीलदार नजूल द्वारा पारित आदेश 3 दिसंबर 2024 में लेख किया गया है कि प्रकरण से संबंधित याचिका क्रमांक 1339/2024 उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है जो कि पूर्णत गलत जानकारी है एवं इस प्रकरण से सबंधित नहीं है। याचिका क्रमांक 1339/2024 13 नवंबर 2024 को नरेन्द्र कुमार, बोदरी, बिलासपुर के द्वारा डॉ. प्रेमसागर मिश्रा, चेयरमैन कम प्रबंध निदेशक, साउथ ईस्टन कोल फील्ड लिमिटेड सीपत रोड बिलासपुर एव अन्य के विरुद्ध दायर किया गया एवं 22 नवंबर 2024 को पंजीकृत किया गया है। तहसीलदार नजूल दुर्ग ने गलत जानकारी के आधार पर आदेश 3 दिसंबर 2024 को जारी किया गया।

## धान खरीदी को लेकर कांग्रेसियों का भिलाई-चरोदा में जंगी प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई चरोदा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में महापौर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कोसरे ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति से किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। किसानों से एक कट्टे में 40 किलोग्राम एवं बारदाना मिलाकर 650 ग्राम कुल 40 किलो 650 ग्राम खरीदी करना चाहिए। जबकि कहीं-कहीं सोसाइटी में 41 किलोग्राम एवं 40 किलो 900 ग्राम की खरीदी की जा रही है, साथ ही साथ सुखद धान के नाम पर किसानों से अतिरक्ति धान लिया जा रहा हैं। जबकि सुखद धान की भरपाई कांग्रेस सरकार में राज्य शासन वहन करती थीं ,लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा सुखद धान की भरपाई आम किसानों से की जा रही है। ऑनलाइन टोकन सिस्टम होने के चलते छोटे किसान धान बेचने से लगातार वंचित हो रहे हैं जिसके चलते कई दिनों तक अपना धान खलिहानों में ही रखने को मजबूर है। सोसाइटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण बहुत सारे सोसाइटियों में धान रखने को लेकर परेशानी हो रही है। इस अवसर पर सुजीत बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढरिया , कुमुद मढरिया, दुलारी वर्मा, प्रेमलता मढरिया, कलिन्द्री नायक, राजेश्वरी पटेल, सीमा तिवारी, दुकलहीन, देवकुमारी भल्लावी, पार्षद गण संतोष तिवारी, मोहन साहू, ईश्वर साहू, एस वेंकट रमना, एम.जानी, डे साहब वर्मा, मनीष वर्मा, विनोद निषाद आदि मौजूद थे।

■ भाजपा सरकार में किसान लगातार परेशान : महापौर

### सौंपा गया तहसीलदार को ज्ञापन

बारदाना का वजन सरकार के द्वारा 650 ग्राम तय किया गया है जबकि वास्तविक स्तर पर बारदाने का वजन करने पर 540 ग्राम पाया गया। अधिकांश किसान धान कटाई के बाद धान बेचने के लिए अपने बारी का इंतजार कर रहे हैं। कई किसान तो सुबह से ही टोकन लेने के लिए सोसाइटियों के चक्कर काट कर खाली हाथ लौट रहे हैं। भाजपा सरकार ने 3100 नगद धान खरीदी का वादा किया था, लेकिन 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बावजूद आज दिनांक तक एक भी किसानों को 3100 क्विंटल के भाव से राशि नहीं मिल पाई है। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया।

## भगवा चौक व कुरूद उद्यान में श्रमदान



**भिलाई।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भगवा चौक में लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया। साथ-साथ सफाई अभियान भी चलाया गया। एक दूसरे को प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। चौक में सफाई के बाद जोन कमिश्नर येशा लहरें, उद्यान प्रभारी अध्यक्ष नेहा साहू कुरूद उद्यान में जाकर उद्यान की साफ-सफाई कि वहां टहलने वाले योग, व्यायाम, प्राणायाम करने वाले लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया।

श्रमदान के बाद सब लोगों ने स्वच्छता को संकल्प दिलाया गया। वहां पर टहलने वाले, योग करने वाले लोगों ने कहा कि जब नगर निगम इतना कर रहा है, तो हम सबका भी कर्तव्य बनता है। कि मिलकर के छोटे-छोटे जगह जहां हम लोग बैठकर योग करते हैं, प्राणायाम करते हैं, उसको हम सब साफ रखें। यह केवल नगर निगम भिलाई का ही काम नहीं है, हम सब उपयोग करते है, तो साफ भी हम करेंगे। निगम हमारी सुविधाओ को ध्यान में रखकर उद्यान बनाये है, जिसमे हमारे साथ-साथ हमारे बच्चे भी खेलने आते है। जब निगम हमारे बारे में इतना सोचते हैं तो उनके साथ हम भी साफ-सफाई करेगें। यदि कोई गंदगी करते दिखता है तो उसको भी हम रोकेंगे।

# हर घर तिरंगा विषय निबंध स्पर्धा में विजेताओं को मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र राजभाषा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस्पात भवन के सभागार में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाक विभाग बीएल जांगड़े थे। प्रतियोगिता के निर्णायक संयुक्त महाप्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, महाप्रबंधक हरप्रीत सिंह एवं सौरभ कुमार राजा थे। नराकास के सचिव सौमिक डे ने इस विशिष्ट एवं गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय नराकास बिरादरी के समस्त हिंदी प्रेमियों, संस्थान प्रमुखगण एवं हिंदी अधिकारीगण को देते हुए, उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नराकास, भिलाई-दुर्ग में हिंदी का ध्वज सर्वदा ऊंचा रहे और इसमें आप सबका योगदान रहे। अधिकारी अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि संयंत्र राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सदैव ही सजग एवं गंभीर है। राष्ट्रीय अभियानों को सफल बनाने हेतु संयंत्र ने हमेशा ही हर संभव प्रयास किए हैं। हिंदी में कार्यव्यवहार को प्रोत्साहन तथा हर घर तिरंगा के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रीयता की भावना को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आइए हम अपने देश को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। बीएल जांगड़े ने कहा कि संयंत्र ने हमेशा ही उत्कृष्टता की उज्जवल परंपरा को कायम रखा है। हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को प्रोत्साहन तथा राष्ट्र के विकास में अत्यंत उपयोगी उत्पादों के निर्माण के साथ भिलाई सदैव ही एक ज़म्मिदार उपक्रम बना हुआ है।

प्रथम व्याख्याता केदार नाथ सोनबेर, द्वितीय लिपिक सिन्धुजा पाथुरी, तृतीय उप महाप्रबंधक बीएसपी अमृता गंगराडे। प्रोत्साहन पुरस्कार अलंकार समद्दार, किशोर कुमार साव, संतोष कुमार ठाकुर, सुमन हाटी एवं वर्चला शर्मा को मिला। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के निर्णायकगण को स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।



■ बीएसपी के राजभाषा विभाग में पुरस्कार वितरण समारोह

# बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सदस्यों को सुरक्षा की शपथ दिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 विभाग में सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन समारोह एसएमएस-3 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी अधिकारी तापस दासगुप्ता, प्रमोद कुमार, एसके अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने कहा कि निश्चित तौर पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता में सुधार हुआ है, परंतु और भी इसकी गुंजाइश है। उन्होंने नेशनल सेफ़्टी कॉउनसिल की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने का अनुरोध किया। विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने आई स्क्वेयर के अंतर्गत दिए गए सुझावों को पूर्ण रूप से अमल करने और एक्सीडेंट फ्री स्टील बनाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि एसके अग्रवाल ने एसएमएस-3 के बढ़ते हुए ठेका श्रमिकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित कार्य व्यवहार पर बल दिया। भावुक शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी (एसएमएस-3) पुष्पा एम्ब्रोस ने विगत वर्ष की एसएमएस-3 की उपलब्धियों, सुरक्षा के आंकड़े और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इनोमोटिक्स के श्रमिकों द्वारा सुरक्षा आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया व प्रोटेक्टिव के सुरेश कुमार बाघ द्वारा सुरक्षा कविता का पठन किया गया।

## रायपुर एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

# नंदिनी एयरपोर्ट फिर से चालू होने से क्षेत्र की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अहिवारा नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर सिंह ने दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नंदिनी जिसे भिलाई एयरपोर्ट भी कहा जाता है यदि जल्द शुरू हुआ तो इस पूरे इलाके की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। जामुल से लेकर अहिवारा तक विकास की संभावनाओं का नया द्वारा खुल जाएगा। बड़ी संख्या में आसपास के लोग स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर जाते हैं, यहां के लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि भिलाई एयरपोर्ट पुनः शुरू होगा तो लोगों का समय भी बचेगा परेशानी से निजाद भी मिलेगी। गौरतलब है कि हाल ही में दुर्ग सांसद विजय बघेल व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडु से मुलाकात कर नंदिनी एयरपोर्ट को पुनः विकसित करने तथा प्रारंभ करने की मांग रखी। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने नागरिक उड्डयन मंत्री को बताया कि नंदिनी एयरपोर्ट जिसे भिलाई एयरपोर्ट भी कहा जाता है, जो भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड सेल के स्वामित्व में है। वर्तमान में बंद स्थिति में है। यह एयरपोर्ट भिलाई स्टील प्लांट के निजी उपयोग हेतु विकसित किया गया था, परन्तु 1998 में हुए एक विमान दुर्घटना के बाद से इसे बंद कर दिया गया और वर्तमान में इसका बुनियादी ढांचा जर्जर स्थिति में है। सैकड़ों एकड़ खाली भूमि इसके विस्तार के लिए उपयोगी है। भिलाई क्षेत्र के विकास में एयरपोर्ट की भूमिका औद्योगिक और आर्थिक महत्व है। इस कदम से न केवल भिलाई बल्कि दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीर धाम और अन्य आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा,इस विकास कार्य के लिये राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन दिया है।



### सांसद बघेल की सोच वास्तव में दूरगामीः रविशंकर



भाजपा नेता रविशंकर सिंह ने कहा कि नंदिनी एयरपोर्ट के पास सैकड़ों एकड़ भूमि है। इस एयरपोर्ट के बंद होने के बाद से पूरे क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा था। यदि यह पुनः प्रारंभ होता है तो पूरा क्षेत्र फिर से विकास की रफ्तार पकड़ लेगा, इसलिए सांसद का यह प्रयास बेहद स्वागतयोग्य है। साथ ही पूरे दुर्ग संभाग के लोगों को राहत मिलेगी। रविशंकर सिंह ने कहा कि दुर्ग सांसद की सोच वास्तव में दूरगामी सोच है, आज तक इस विषय में किसी ने नहीं सोचा था, दुर्ग सांसद ने इसे संज्ञान में लिया, और पहल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि जामुल से लेकर अहिवारा यहां तक की पूरे दुर्ग संभाग के लोग में इस खबर से एक सकरात्मक उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



फैशन की कतार

लाइव इवेंट

## आदिवासी अंचल नागिड़ा में लगाया हेल्थ कैम्प, गर्म कपड़े भी बांटे



**भिलाई।** आदिवासी अंचल बस्तर के पी वी - 60 यशवंत नगर में राधा विनोद आश्रम है। संस्था मानव सेवा के लिए समर्पित है। इस आश्रम का उद्देश्य बीहड़ क्षेत्र के आसपास बसे गरीब आदिवासियों के गांवों में सहायता पंहुचाना है। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण और दवाओं का वितरण करना है। इसके अंतर्गत ग्राम नादिड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां आदिवासियों को गर्म कपड़ों का भी वितरण किया गया। शिविर में गरीब आदिवासियों के लिए जो वस्त्रों का वितरण किया गया। व्यावसायी कैलाश कुमार जैन बरमेचा ने मुक्तकंठ साहित्य समिति के माध्यम से निशुल्क वस्त्रों का वितरण करवाया। कैलाश बरमेचा ने दान में दिए वस्त्रों का वितरण प्रतिनिधि मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल को बनाकर भेजा। उनके माध्यम से मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। इसमें रायपुर के एमबीबीएस, एमडी, डॉ. के. दास एवं उनकी पूरी टीम ने सेवाएं दी। करीब 150 आदिवासियों की जांच की गई। निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। डॉ. दास की टीम ने भिलाई, दुर्ग, रायपुर के अलावा उस क्षेत्र के कई पढ़े-लिखे युवा लोगों ने मदद की। इस अवसर पर वृंदावन आश्रम इस्कॉन कमेटी के चेयरमैन स्वीजरलैंड से विंदा देवी दासी (परिवर्तित नाम) शिविर में पहुंची। इस अवसर पर पुलिन बिहारी पाल, सत्येन्द्र गाईन, परितोष सरकार, सुबीर राय, हरीश भास्कर, विष्णु दास, उत्तम दास, देवाशीष मल्लिक, निमाई मंडल, अमल सरकार, नताशा तालुकदार, पिया सरकार, रुपानी सरकार, रिंकी पाण्डेय, रेखा सरकार आदि उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## वाद, कफ, पित्त की पहचान के लिए प्रकृति परीक्षण का महाअभियान, 25 तक मौका




**दुर्ग।** आयुष मंत्रालय के निर्देश पर जिला आयुर्वेद विभाग ने प्रकृति परीक्षण महाअभियान की शुरुआत की है। 26 नवम्बर से शुरू इस अभियान में अब तक 4500 से ज्यादा लोगों के वाद, पित्त, कफ की जांच की जा चुकी है। उनके व्यवहार के आधार पर उनके खान-पान और डाइट की जानकारी दी जा रही है। आयुर्वेद विभाग द्वारा 25 दिसम्बर तक यह जांच निशुल्क की जा रही है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की विशेषज्ञ डॉ. जया साहू ने बताया कि देश के प्रकृति परीक्षण के लिए देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रकृति परीक्षण से प्रारंभ की गई। इसके अंतर्गत हम स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में पहुंचकर उनके व्यवहार और अन्य जानकारी के आधार पर प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। इस तारतम्य में रिसाली निगम के सभापति केशव बंछोर, महापौर शशि सिन्हा, आयुक्त मोनिका वर्मा, डॉ. सीमा साहू, अनिल देशमुख, ईश्वरी साहू का प्रकृति परीक्षण किया गया।

### प्रकृति परीक्षण एप से जुड़कर ली जा सकती है जानकारी

डॉ. साहू ने बताया कि इसके लिए प्रकृति परीक्षण नाम से एक एप्लीकेशन भी लॉन्च किया गया है। इसके जरिए आप अपने वाद, पित्त, कफ के बारे में जानकारी दे सकते हैं। आपके व्यवहार के आधार पर आपको निरोगी रखने के लिए खान-पान के तरीक बताए जाएंगे। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना (प्रकृति) को समझने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार किया जा सकता है। आयुष औषधालय के चिकित्सक से संपर्क कर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आपकी प्रकृति बताकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## बीमा सखी प्लेसमेंट कैम्प आज

**भिलाई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में आज सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक एलआईसी ऑफ इंडिया कुम्हारी शाखा द्वारा बीमा सखी (केवल महिलाओं के लिए) 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई-दुर्ग है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा आयु 21-45 वर्ष की आवश्यक है। इसी प्रकार पालीबाण्ड इंश्युलेंशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्यूजीनस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए 10, जूनियर एकाउण्टेंट 10, कम्प्यूटर ऑपरेटर 10, फिल्ड स्पेशलिस्ट 20 और मेंटनेंस इंचार्ज के लिए 6 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता बीजनेस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए एमबीए अनुभवी को प्राथमिकता, एकाउण्टेंट बी.काम. प्लस कम्प्यूटर टेली नॉलेज, कम्प्यूटर ऑफिसर के लिए बीसीए/बीबीए/बीएससी (कम्प्यूटर नॉलेज), फिल्ड स्पेशीलिस्ट के लिए आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन/ फीटर/ कोपा/डीजल मैकेनिक) अनुभवी को प्राथमिकता और मेंटनेंस इंजार्च के लिए बीई/बी टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है।

● संस्कृति की संस्था बहुमत और सामाजिक संस्था श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन

# ट्विनसिटी की साहित्यिक विभूतियों के आलेखों को मिला सम्मान संजय अलंग बोले- सामाजिक जीवन में लोकसंस्कृति की जड़ें गहरी

सिविक सेंटर स्थित भिलाई होटल के कॉफी हाउस सभागार में लोक संस्कृति, लोकजीवन एवं भारतीय समाज पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 12 रचनाकारों को उनके आलेख, रचनाओं, कविताओं की वजह से श्री चतुर्भुज मेमोरियल कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से कला साहित्य और संस्कृति की संस्था बहुमत तथा सामाजिक संस्था श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में लोक संस्कृति पर केंद्रित संगोष्ठी तथा कृति सम्मान का यह कार्यक्रम हुआ।





**भिलाई।** संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कवि, लेखक, इतिहासकार डॉ. संजय अलंग थे। समारोह में डॉ. अलंग ने कहा कि भारतीय समाज में लोक-संस्कृति की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में उनके स्वरूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, किन्तु व्यापक अर्थ में वे सभी भारतीय जनजीवन की गौरवशाली परम्परा का प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. अलंग ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति बहुलतावादी है। इसके अनेक स्वरुप हैं, अनेक दिशाएं हैं। समारोह में डुमन लाल ध्रुव ने जनजातीय लोकजीवन, डॉ. सुनीता वर्मा ने चित्रकला और हमारा लोकजीवन, गोविंद पटेल ने तालाब और हमारा जनजीवन तथा विजय मिश्रा अमित ने छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य विषय पर संगोष्ठी में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी सत्र में पद्मश्री अजय मंडवी विशेष रूप से उपस्थित थे। दो सत्रों में संपन्न इस आयोजन में पत्रकार-संपादक ई वी मुरली, समाजसेवी राजीव चौबे, श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक डॉक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव, बहुमत के अध्यक्ष मुमताज, फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव अध्यक्ष मंडल के तौर पर उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दूसरे सत्र में 12 रचनाकारों को श्री चतुर्भुज मेमोरियल कृति सम्मान से सम्मानित किया गया।





### इन साहित्यकारों और विभूतियों को किया गया सम्मानित

ख्यातिलब्ध कथाकार लोकबाबू को उनके चर्चित उपन्यास बस्तर बस्तर के लिए, दुर्गा प्रसाद पारकर को छत्तीसगढ़ी उपन्यास केवट कुंदरा के लिए, देवेंद्र गोस्वामी को कविता संग्रह मैं और शब्द के लिए, डुमन लाल ध्रुव को उनकी सद्य प्रकाशित पुस्तक छत्तीसगढ़ के लोक आभूषण के लिए, राजेंद्र सोनबोइर को संपादित पुस्तक कालजयी लोकनाट्यों के निर्देशक रामहृदय तिवारी के लिए, मयंक चतुर्वेदी को गजल संग्रह तन्हा के लिए, मोहम्मद जाकिर हुसैन को वोल्गा से शिवनाथ तक पुस्तक के लिए, श्वेता उपाध्याय को कविता संग्रह कविता सी लड़की निबंध सा लड़का के लिए, डॉ. रौनक जमाल को उर्दू कथा संग्रह चालीस आदमी के लिए, कमलेश चंद्राकर को बाल कविता संग्रह स्कूल के दिन आए फिर के लिए, डॉ. संजय दानी को उपन्यास लव जिहाद के लिए, विजय मिश्रा अमित को हास्य व्यंग्य संग्रह कल्लू कुकुर के पावर के लिए शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### रचनाकारों की प्रतिभा का सम्मान एक अच्छी परंपरा : मुरली

इस अवसर पर संपादक ईवी मुरली ने कहा कि रचनाकारों की पुस्तकों के लिए उनका सम्मान एक अच्छी परंपरा है। श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी दोनों संस्थाओं के द्वारा श्री चतुर्भुज मेमोरियल कृति सम्मान राज्य के प्रतिष्ठित रचनाकारों को प्रदान किया गया है। हमें विश्वास है कि इस सम्मान से हमारे अन्य लेखकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। बहुमत के अध्यक्ष मुमताज ने कहा कि पुस्तकों के परिप्रेक्ष्य में लेखन का सम्मान एक स्वस्थ परंपरा है। हम इस परम्परा को भविष्य में भी कायम रखेंगे। कार्यक्रम में विनोद मिश्र, जसबीर कौर, श्वेता उपाध्याय, सुमन कन्नौजे, परविंदर सिंह, डॉ. डीपी देशमुख, राम कुमार वर्मा, संगीता मिश्रा, शंकर चरण पांडे, परमेश्वर वैष्णव, रीना देशमुख, शेखर शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, अनिता पटनायक, आकाश वैष्णव, डॉ. शालिनी वर्मा, संजय कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

## सिन्हा समाज का पारिवारिक मिलन समारोह 22 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज जनकल्याण समिति के नेतृत्व में 22 दिसंबर को 49वां पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक- युवती परिचय सम्मेलन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। मंगलवार को सिन्हा समाज और जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री से मुलाकात की और बतौर मुख्य

■ युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ प्रतिभावान का होगा सम्मान

अतिथि मिलन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकृति दी।

पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 मैदान में होगा। मिलन समारोह के विशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे। समाज के पदाधिकारियों ने सांसद को भी आमंत्रित किया। छत्तीसगढ़ डड़सेना समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, रिसाली निगम महापौर शशि अशोक सिन्हा और भिलाई निगम महापौर नीरज पाल को बतौर विशेष अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुलाकात के दौरान समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा, महामंत्री नवीन सिन्हा, मंडल के कोषाध्यक्ष छबिलाल सिन्हा, दुष्यंत गजेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य नागेंद्र डड़सेना, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भी मौजूद रहे।



उपमुख्यमंत्री को आमंत्रण

## सरस्वती मंदिर का होगा निर्माण, भट्ट भवन को लेकर भी बैठक में चर्चा

**भिलाई।** अखिल भारतीय भट्ट शक्तिपुंज ट्रस्ट अयोध्या के तत्वाधान में भिलाई छत्तीसगढ़ भट्ट समाज की प्रथम बैठक मनोरमा भट्ट प्रांत अध्यक्ष मातृशक्ति छत्तीसगढ़ के पहल पर संपन्न हुई। बैठक में बहुत ही सार्थक चर्चा व सुझाव आए ट्रस्ट द्वारा निर्धारित प्राथमिक लक्ष्य आयोजन में मां सरस्वती मंदिर निर्माण वह भट्ट भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के विषय पर पूर्णता फोकस किया गया। भविष्य में जल्द ही छत्तीसगढ़ भिलाई रायपुर के ट्रस्ट के तत्वावधान में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित करने की संकल्पना की गई। ट्रस्ट के संस्था अध्यक्ष मनोरमा भट्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष (मध्य भारत) विष्णु राय भट्ट की उपस्थिति में विजय शर्मा के सौजन्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की एक वृहद कार्यकारणी करने के गठन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में राजेंद्र कुमार शर्मा, संजय शर्मा, मनोज शर्मा, शारदा प्रसाद राय, नगीना राय, नितिन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



कार्नर न्यूज

जिले के सभी बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर के लिए ब्रेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## दिव्यांग की पहचान के लिए दी ट्रेनिंग, इंग्लिश, हिंदी ब्रेल, गणितीय उपकरण अबेकस और टेलर फ्रेम का कराया गया अभ्यास

**भिलाई।** साइटसेवर्स इंडिया द्वारा जिले के सभी बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर के लिए ब्रेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन होटल रोमन पार्क में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं गीत के माध्यम से की गई। ब्रेल प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा, दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टिबाधित बच्चों की पहचान, शिक्षा में आने वाली समस्याएं एवं समाधान इत्यादि पर विस्तृत चर्चा करते हुए ब्रेल लिपि के आविष्कारक, ब्रेल की पद्धति के संबंध में चर्चा करते हुए इंग्लिश, हिंदी ब्रेल, गणितीय उपकरण अबेकस एवं टेलर फ्रेम संबंधी परिचय तथा अभ्यास का कार्य करवाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया जाना रहा। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर करन सिंह सिसोदिया, राज्य तकनीकी सलाहकार (समावेशी शिक्षा) एवं महावीर सेन (जिला समावेशी सुविधाकर्ता,महासमुंद) रहे। इस अवसर पर मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडे, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जे. मनहरण, सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समावेशी शिक्षा) इंद्र कुमार रामटेके, बीईओ गोविंद साव ने प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया।



### समाजसेवी संस्थाओं को जोड़ने का भी निर्णय

इससे पूर्व कभी भी इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित नहीं हुआ है। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर जिला मिशन समन्वयक द्वारा साइटसेवर्स इंडिया को कार्यक्रम आयोजित करने हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा साथ ही भविष्य में भी साइटसेवर्स इंडिया द्वारा समय-समय पर तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु अपने विचार सभी प्रतिभागियों के समक्ष रखें। दुर्ग जिले के दृष्टिबाधित शिक्षक अवतार सिंह गुप्ता को उनके विशेष शिक्षण कार्यों एवं उपलब्धियों हेतु सभी अधिकारियों द्वारा पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### स्पेशल टीचर्स को दी गई दिव्यांगजनों से जुड़ी जरूरी जानकारी

सभी बीआरपी एवं विशेष शिक्षकों द्वारा साइटसेवर्स इंडिया के कार्य प्रणाली एवं प्रशिक्षण तकनीक को सराहा गया। समावेशी शिक्षा के एपीसी (समावेशी शिक्षा) श्री इंद्र कुमार रामटेके द्वारा प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया गया तथा प्राप्त परिणामों के आधार पर उन्होंने कार्यक्रम को पूर्ण सफल बताया। इस प्रशिक्षण के द्वारा सभी प्रतिभागी अपने क्षेत्र में दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में भी योगदान प्रदान कर सकेंगे।

### भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का होगा आयोजन

अधिकारियों द्वारा साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण हेतु आभार एवं सराहना व्यक्त की गई। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करवाने हेतु सुझाव दिए। साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा जिले से पधारे सभी अधिकारियों को सम्मान प्रतीक के रूप में पौधे भेंट किए गए। प्रशिक्षण के अंतर्गत इंग्लिश एवं हिंदी ब्रेल के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी वर्णमाला, छोटे-छोटे शब्दों का निर्माण, वाक्य का निर्माण इत्यादि से संबंधित अभ्यास कार्य किया गया, जो कि प्रशंसनीय रहा अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि जिले में इस प्रकार के प्रशिक्षण की पहल साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा की गई है जो कि प्रशंसनीय।

## सिटी इवेंट

# 43 व्यक्तियों का किया प्रकृति परीक्षण, खानपान की दी जानकारी



**भिलाई।** आयुष मंत्रालय का देशव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण का आयोजन विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिद्धार्थ टाउन उमदा हाउसिंग बोर्ड रोड भिलाई 3 में जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में डॉ पूजा सिन्हा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भिलाई-3 ने प्रो. वैद्य राकेश कुमार के सहयोग से 18 वर्ष प्लस के निवासियों के लिए प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया किया गया। इस शिविर में कुल 43 व्यक्तियों का मोबाइल ऐप से प्रकृति परीक्षण किया गया। इस ऐप से आयुर्वेद विभाग द्वारा निवासियों को खान-पान, रहन-सहन की जानकारी उपलब्ध कराई जाते रहेगी।इस दौरान बताया गया कि हर व्यक्ति की प्रकृति अलग होती है, इसलिये प्रत्येक को उसकी प्रकृति के अनुसार एक जीवनशैली ऐप द्वारा उपलब्ध करवायी गयी। आयोजित इस शिविर में डॉ प्रशांत डांगे, अश्विनी देवदास, अशोक रावत, विजय बड़गे, राजीव वैष्णव, चन्द्रकांत यादव, अमित गुप्ता, सपना सिंह, यशोदा वैष्णव, शशि वर्मा, ममता गेडाम, एस. डी. रेड्डी, भागीरथी निर्मलकर, दिनेश सोनी सहित अन्य लोगों ने प्रमुख भूमिका निभायी।

- **खानपान व रहन-सहन की दी जानकारी**

● ब्रह्माकुमारीज सेक्टर 7 और आनंद सरोवर बघेरा में राजयोगिनी बहन का आध्यात्मिक सत्संग

# हमारे संकल्पों में अपार शक्ति, इन्हें व्यर्थ न गवाएं हमेशा पॉजिटिव संकल्प करने दिया संदेश: ब्रह्माकुमारी शारदा



**भिलाई।** वर्तमान में भौतिक सुख-सुविधाओं का अंबार है फिर भी मनुष्य आत्माएं शक्तिहीन होकर सच्चे प्यार, शक्ति, प्रेम की तलाश में दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। सच्चा निस्वार्थ प्रेम और साथ परमात्मा के सिवाय कोई नहीं दे सकता। यह बातें सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में अहमदाबाद (अंबावाड़ी सब जोन) की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शारदा दीदी ने भिलाई प्रवास के दौरान कही। ब्रह्माकुमारी शारदा दीदी ने ऑडिटोरियम में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि पुण्य कर्मों के बल और स्वयं को दुआओं से भरपूर कर जीवन में दैवीय संस्कारो की धारणा करनी हैं। मोबाइल की चार्जिंग तो हम प्रतिदिन करते हैं नहीं तो बैटरी डिस्चार्ज हो जाती है, वैसे ही आत्मा की बैटरी को भी हमें परमात्मा रूपी चार्जर से प्रति दिन कुछ घड़ियां निकाल कर चार्ज करनी है।



### सत्संग प्राप्त ज्ञान को हम अपने आचरण में लाए: शारदा दीदी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में ब्रह्माकुमारी शारदा पहुंची। जहां उन्हें रोटरी क्लब, लायन्स क्लब एवं जैन समुदाय द्वारा केवल भारत ही नही बल्कि नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग, थाइलैंड जांबिया, केन्या एवं 15 से अधिक यूरोपीय देश जैसे जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, इटली पुर्तगाल सहित अन्य देशो का दौरा कर अध्यात्म का अलख जगाने के लिए सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा ने अतिथियों का स्वागत किया जिसके बाद स्वागत नृत्य बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी शारदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि परमात्मा के द्वारा जो भी ज्ञान इस सत्संग में हमें प्राप्त होता है उसकी सार्थकता तभी होगी जब उस ज्ञान को हम अपने आचरण में लाते हैं जिससे ही हमारा जीवन दिव्य बनता जाता है। परमात्मा ने हमें सुबह से रात सोने तक जो दिनचर्या प्रदान की है यदि उसके अनुरूप हम चलते हैं तो हमारे जीवन में प्रतिपल हमें उन्नति और प्रगति दिखाई देती है व जीवन में स्थायी सुख-शांति की अनुभूति होती है ।

### परमात्मा को जिम्मेदारियां सौंप कर निश्चिंत रहे

परमात्मा पिता को अपने जीवन की सभी जिम्मेदारियां सौंप कर निश्चिंत रहे, तो वह हलचल के समय भी हमारा साथ निभाएगा। हमें हमारे संकल्पों की दृढ़ता पर अटेंशन देकर चेक करना है, हमारे संकल्पों में बहुत शक्ति होती है इन्हें व्यर्थ न गंवाए, हमेशा शक्तिशाली पॉजिटिव संकल्प करे। कर्मेंद्रियों का आधार लेकर कर्म करने की प्रैक्टिस करनी है,जिसका अभ्यास आपने राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री के माध्यम से करवाया। हमारे बोल आत्मीय, मधुर, मीठे, मर्यादा पूर्वक, उमंग उत्साह बढ़ाने वाले हो जिसमें निरअंहकारिता, निस्वार्थ, सरलता के भाव समाए हुए हो। हमारी दृष्टि रूहानी आत्मिक होनी चाहिए क्योंकि सकारात्मक दृष्टि ही दृष्टिकोण को बदलती है। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा समर्पण को तेरे प्रणाम गीत द्वारा सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमालता दीदी और उज्जैन से आई राजयोगिनी उषा दीदी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शारदा दीदी केआशीर्वचन आने वाले नववर्ष और पिताश्री ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस तपस्या मास जनवरी में स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का आधार बनेगी।



## धर्म लाइव

# भागवत कथा सीखाती है जीवन जीने की कला, गौ माता की करें सेवा



**भिलाई।** केलाबाड़ी दुर्ग में कथा वाचक भरत महाराज के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जहां रोज लोग कथा का श्रवण कर भाव विभोर हो रहे है। इसी कड़ी में कथा वाचक ने कृष्ण के चरित्रों से मनुष्य को सीखने की बातें कही। भगवान का कोई भी चरित्र ऐसा नहीं है जो जीवन में उतरा ना जा सके। भगवान कृष्ण ने संसार में अवतरित होकर माता-पिता की सेवा, गुरुकुल में जाकर विद्या अध्ययन, प्रकृति पर्वतों की सुरक्षा, यमुना की स्वच्छता अभियान और धर्म का विरोध करते हुए दुष्टों का नाश कर मनुष्यों को किस तरह से जीवन निर्वाह करना चाहिए इस विषय पर उदाहरणों सहित बताया।

### भगवान के चरित्र और मनुष्यों के कर्तव्यों का वर्णन

कथावाचक ने आगे कहा कि कृष्ण के सभी चरित्र हमको मनुष्य बनने की प्रेरणा देते हैं। भगवान ने गोकुल में रहकर कमजोर स्थिति में भी कंस जैसे दुष्ट का नाश किया यही कृष्ण चरित्र है। श्रीमद् भागवत के अंतर्गत भगवान के चरित्र एवं मनुष्यों का कर्तव्य दोनों का बहुत सुंदर वर्णन है सुखदेव जैसे संत के द्वारा मृत्यु के भय से डर रहे परीक्षित को ज्ञान देते हुए मृत्यु के पहले ही मुक्त कर देना यह श्रीमद् भागवत का सबसे बड़ा गुण है। हम भी जीवन के कर्तव्य का पालन कर सकते हैं और अंत में प्रभु को पा सकते हैं।
भगवान के दो चरण की लीला को बताते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों को गो पालन अति आवश्यक है गाय हमारी संस्कृति की परिचायक है जिसको हम गौ माता कहते हैं जितना हो सके हर हिंदू को गाय की सेवा करना चाहिए। हवन और अग्निहोत्र का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा अग्निहोत्र हमारे वातावरण को शुद्ध करता है प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाता है वायुमंडल को शुद्ध करना है तो हवन हर मनुष्य को करना चाहिए। यह धार्मिक नहीं बल्कि यह वैज्ञानिक कर्म है और हमारा धर्म पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। कार्यक्रम के आयोजक गुप्ता परिवार ने गोवर्धन की पूजा करते हुए अंत में प्रसाद वितरण किया। कथा के दौरान कृष्ण और रुख्मणी विवाह को सुंदर झांकियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## गणित सप्ताह का समापन

# वर्तमान समय इनोवेशन का, शोध परक कार्यों पर दें ध्यान

**भिलाई।** गणित जीवन का मूल है ब्रम्हाण्ड की अवधारणा शून्य से आरंभ होती है। शून्य किसी संख्या के साथ जुड़ता है तो बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। गणित जैसे कठिन विषय को मनोरंजक तरीके से समझने में आसानी होती है।

यह सभी बाते गणित सप्ताह के समापन समारोह के हौरान वक्ताओं ने कही। इस अवसर पर गणित ज्ञान, निबंध व पोस्टर सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग 65 छात्राओं ने भाग लिया।



### विभिन्न प्रतियोगिताओं में हुए पुरस्कृत

गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी। विजेता छात्राओं को राशि एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 65 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम ओम देवी, द्वितीय ईषा साहू एवं तृतीय भूमिका देवांगन रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम–डॉली देशमुख, द्वितीय विनीता बघेल एवं तृतीय स्थान पर चंचल रही। गणित ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम रिंकी ठाकुर, द्वितीय निहारिका एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य रही। इस आयोजन में एक दिन छात्राओं को रामानुजम की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखाई गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. मोनिका देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका देवांगन ने किया।

### वर्तमान समय इनोवेशन का है: पांडेय

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग अपर संचालक डॉ. राजेश पाण्डेय और शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर उपस्थित थी। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पाण्डेय ने कहा कि गणित जीवन का मूल है ब्रम्हाण्ड की अवधारणा शून्य से आरंभ होती है। छात्राओ को प्रेरित करते हुये उन्होनें कहा कि वर्तमान समय इनोवेशन का है। आप सभी शोध परक कार्यों पर ध्यान दे उन्होनें छोटे–छोटे किस्सों के माध्यम गणित की संख्याओं का महत्व बाताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. ऋचा ठाकुर ने गणित और संगीत के आंतरिक संबंध को गिनती के माध्यम से बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि गणित जैसे कठिन विषय को इस आयोजन के माध्यम से मनोरंजक तरीके से समझने में आसानी हुई है। छात्राओं ने उत्सापूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। उन्होनें कहा कि जब शून्य किसी संख्या के साथ जुड़ता है तो बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

## फल और भोजन किया वितरण

# 118 साधकों ने रक्तदान कर मानवसेवा करने का दिया संदेश



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं.क्र .1119 एवं महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई प.क .17174 के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर ब्लड फार बाबासाहेब का आयोजन डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में किया गया। जिला चिकित्सालय दुर्ग के डॉक्टर्स और उनके सहायको के द्वारा सुबह बाबासाहेब के प्रतिमा पर अध्यक्ष सविता मेश्राम, पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया। बाबासाहेब के स्मरण में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत कुमार साहू सिविल सर्जन दुर्ग, डॉ प्रवीण अग्रवाल ब्लड बैंक प्रभारी, डॉ संजय वालवांद्रे, डॉ .ए.डी बेनर्जी, डॉ निधेश शर्मा, प्रशांत डोंनगांवकर, डॉ.प्रशांत श्रीवास्तव, रामेश्वर तुरकार, नितिश उफगांवकर, संध्या, डॉ.वतन वासनिक, डॉ.अंकिता रामटेके, आर डी देशलहरा, अशोक ढवले, सुरेन्द्र वैद्य, पीजे अंबुरकर, आशीष चौहान, सविता मेश्राम अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं.क. 1119 से उपस्थित थे। आयोजन की जानकारी देत हुए रामराव ढोक और आशीष चौहान ने बताया कि रक्तदान शिविर में 118 रक्त दानदाताओं ने अपना रक्त दान किया। भंते सप्पजनो ने अपना रक्तदान किया। तथागत समाज कल्याण समिति की तरफ से फलदान किया। रक्तदान शिविर में बौद्ध समाज, मुस्लिम समाज, ईसाई समाज,साहू समाज, देवांगन समाज, एच डी एफ सी बैंक कर्मचारी,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल,सीमा सुरक्षा बल के जवानो , प्रदेश महासचिव एन एस यू आई आकाश कनौजिया व उनकी टीम ने भी रक्तदान किया।

**बाबासाहेब डॉ आंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर्व पर आयोजन**

## सिटी इवेंट

# सहकार भारती महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला संयोजक बनी जया



**भिलाई।** सहकार भारती प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मी कांत द्विवेदी की स्वीकृति, एवं प्रदेश महामंत्री करुणा निधि की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर द्वारा समाजसेवी टी जया रेड्डी को स्वयं सहायता समूह प्रकोष्ठ एवं महिला सहकारिता प्रकोष्ठ सहकार भारती का दुर्ग भिलाई महानगर का जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर के महामंत्री राकेश शुक्ला, कांति वर्मा, ममता राव, टी आर कन्नौजे, रमेश शर्मा, स्वीटी कौशिक, किरण मिश्रा, बबिता केला, अरुण पंडा, रविंद्र साहू, सुधाकर रेड्डी, किरण भोंसले ,डॉ गणेश पाण्डे, संध्या मंडलोई, तरसेम कौर, प्रमोद ,अभिनव कुमार गुप्ता, किरण रात्रे , जुली गुप्ता, रुचि जैन किशोर कन्नौजे, सहित समस्त सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर के सदस्य गण ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई शुभकामना दी है।

## बड़ा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर भिलाई में आयोजन

# 84 लाख योनियों में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ, आनंद और सुख की प्राप्ति है जीव का चरम लक्ष्य: धामेश्वरी देवी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 10 से 20 दिसम्बर तक शाम 6 से रात 8 बजे तक बड़ा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर भिलाई, में आयोजित किया गया है। जिसके पहले दिन मंगलवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल से आसपास का भ्रमण कर वापस स्थल पर पहुंची। आज प्रवचन के पहले दिन देवी धामेश्वरी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भगवान ने मनुष्यो को ज्ञान शक्ति दी, कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। अगर मनुष्य देह पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नही किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा।



### जीव ईश्वर का अंश

विश्व का प्रत्येक जीव एकमात्र आनंद ही चाहता है। वह आनंद कहाँ है? कैसे मिलेगा? इसी के लिए अनवरत प्रयासरत है। क्योंकि जीव ईश्वर का अंश है। रामायण में भी कहा गया है ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि। और वेदों के अनुसार रसो वै सः अर्थात ईश्वर ही आनंद है वही रस है। इसीलिए प्रत्येक जीव ईश्वर का सनातन अंश होने के कारण अनादिकाल से आनंद की खोज में लगा हुआ है।

### वेद कहते हैं कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक

कथा वाचिका ने यह भी बताया कि वेद कहते हैं कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक है। इस बात को एक उदाहरण के माध्यम से समझाया गया जैसे कोई नवजात शिशु है, वह जन्म लेते ही पहले रोता है क्योंकि जन्म के समय जो कष्ट होता है उसे वह नहीं चाहता इसलिए रोकर उस दुःख को दूर करने का प्रयास करता है। ऐसे ही किसी विद्यार्थी से पूछा जाए कि तुम पढ़ाई क्यों कर रहे हो वह कहेगा कि परीक्षा में पास हो जाए हमारी अच्छी जॉब लग जाए। फिर पूछा जाए इससे तुम्हें क्या मिलेगा, वह कहेगा सुख मिलेगा, खुशी मिलेगी तो यह सब सुख, खुशी, हैप्पीनेस, शांति आदि ईश्वर के ही पर्यायवाची शब्द है। इसलिए यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि हम सभी जीव केवल ईश्वर को ही चाहते हैं क्योंकि हम प्रतिक्षण सुख पाने की होड़ में लगे हुए हैं। परंतु इसके विपरीत हमारे वेद यह भी बताते हैं, कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है यह महान आश्चर्य है और कैसे है? यह आगे प्रवचन में बताया जाएगा। आयोजको ने बताया कि प्रवचन श्रृंखला धारावाहिक होने से प्रतिदिन सुनना अनिवार्य होगा। जिससे इस आध्यात्मक प्रवचन का लाभ सभी भक्तों को मिल सके।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सिंगापुर चेस टूर्नामेंट में रायपुर के विवान छा गए, ट्रॉफी के साथ मिले 150 डॉलर




**रायपुर।** सिंगापुर में संपन्न तोया पायोह वेस्ट सीसी डेक ब्लिट्ज व रैपिड चेस टूर्नामेंट में रायपुर के बारह वर्षीय सब जूनियर खिलाड़ी विवान रॉय ने तीसरा स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर उन्हें बतौर इनाम ट्रॉफी के साथ 150 डॉलर मिला। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि विवान रायपुर के सीनियर कोच व अविभाजित मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व राज्य चैंपियन रहे रविकुमार से विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल के प्रति अब खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों में भी दिलचस्पी बढ़ी है।अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण व जुनून के बलबूते खिलाड़ी अपने खेलों में दिन ब दिन निखार ला रहे हैं। विगत दिनों भुवनेश्वर में आयोजित 16 वीं के आई आई टी इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल में भिलाई के तेज गति से उभर रहे यशद बांबेश्वर ने यू एस ए के ग्रैंडमास्टर ग्रैंडमास्टर रसेट जियादिनोव व हंगरी के इंटरनेशनल मास्टर तुर्जो एटिला को हराकर शतरंज जगत में सनसनी फैला दी थी। उक्त स्पर्धा के ए केटेगरी में यश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 वा रैंक हासिल कर 15000 नगद केश प्राइज जीता है। ज्ञात हो कि यशद ने 17 से 19 नवंबर तक नर्मदापुरम में आयोजित एस जी एफ आई स्कूल गेम्स चेस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से जूनियर वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए बिना कोई मैच हारे बोर्ड प्राइज के तहत गोल्ड मेडल हासिल किया था।

इसी तरह से रायपुर के ही प्रतिभावान खिलाड़ी आनंद राय ने भुवनेश्वर की किट इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल के सी केटेगरी में भाग लेकर चौथा स्थान हासिल किया है जहां बतौर इनाम 50000 रुपए की राशि मिली। वहीं रायपुर की नन्ही प्रतिभा अनिका रेडी ने उक्त स्पर्धा के अंडर - 8 में हिस्सा लेकर तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित की है।

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ टीम को मिली शिकस्त




**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन 4 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को चंडीगढ में दिल्ली टीम के विरुद्ध खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाये। दिल्ली की ओर से श्वेता सेहरावत ने सर्वाधिक 76 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रज्ञा रावत ने 56 तथा नजमा ने नाबाद 22 रन बनाये।

छत्तीसगढ़ टीम की ओर से सलोनी डोंगरे ने 3 विकेट तथा महक नरवसे ने 2 विकेट प्राप्त किया। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 36.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 65 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ़ की शुरुआत काफी खराब रही। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 32 रन तथा यीशा भारती देवांगन ने 17 रनों का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से मधु ने 4 विकेट, सोनी यादव एवं सुमिति सोनी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दिल्ली ने मैच 135 रन से जीत लिया।

### कॉलेज स्तरीय योग में सतीश प्रथम रहे



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में शा.दू.ब.महिला कॉलेज द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन योग स्पर्धा का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. किरण गजपाल ने किया। इस प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज के सतीश पटेल ने रिदमिक योग पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. राजीव चौधरी, श्रीमती मंजू झा, सुश्री. निष्ठा साहू थे। इस प्रतियोगिता के आधार पर पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी की महिला एवं पुरुष योगा टीम का चयन किया गया। विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष योगा टीम आगामी स्पर्धा केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

आपको भी लगती है बहुत ज्यादा ठंड तो करा लें जांच

# सामान्य ठंड में भी कंपकंपी छूट रही है तो हो जाएं गंभीर, हो सकते हैं इन तकलीफों के शिकार

क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। दिसंबर-जनवरी का महीना देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड वाला होता है। हालांकि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ठंड कम है। सेहत के लिहाज से ठंड का समय कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। ठंड के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या से लेकर साइनस और आर्थराइटिस की दिक्कत ट्रिगर हो सकती है, इसलिए बचाव के उपाय करते रहना सभी के लिए बहुत जरूरी है। क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। कुछ मामलों में ऐसा अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं या फिर विटामिन्स की कमी के भी कारण हो सकता है।



### ज्यादा ठंड लगने की समस्या

ठंड अधिक लगना वैसे तो कोई बीमारी नहीं है, हालांकि यह किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत जरूर हो सकता है। एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म, फाइब्रोमायल्जिया या एनोरेक्सिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को भी अन्य लोगों की तुलना में अधिक ठंड लग सकती है। आइए जानते हैं कि इसके लिए किन कारणों को मुख्यरूप से जिम्मेदार माना जाता है?

### कहीं आपमें विटामिन्स की कमी तो नहीं?

डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी के कारण भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है। यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऑक्सीजन के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विटामिन की कमी होने पर शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता, जिससे एनीमिया हो सकता है।



### ये बीमारियां भी हो सकती हैं कारण

हाइपोथायरायडिज्म- यह बीमारी तब होती है जब थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में थायराइड हार्मोन नहीं बना पाती है। रक्त वाहिकाओं की समस्या- इस विकार (जैसे रेनॉड) के कारण शरीर के सभी अंगों तक रक्त का प्रवाह ठीक तरीके से नहीं हो पाता है। हाइपोथैलेमस की समस्या- मस्तिष्क का यह हिस्सा शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको ठंड अधिक महसूस हो रही है तो तुरंत सचेत हो जाएं और उचित उपचार कराएं। लंबे समय तक पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर में कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। खान-पान और दिनचर्या में सुधार करके इस तरह की दिक्कतों में आराम पाया जा सकता है। अगर आपको विटामिन-बी12 या फिर थायरॉइड की समस्या है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इन स्थितियों का समय पर उपचार न हो पाने के कारण कई तरह की जटिलताओं का जोखिम हो सकता है।

## शह और मात के खेल में देश भर से शामिल हुए 195 खिलाड़ी




**रायपुर।** केपीएस तुलसी डबल गोल्ड मेगा चेस चैंपियनशिप 2024 कृष्णा पब्लिक स्कूल (केपीएस) में टीम चेस सिटी रायपुर (सीसीआर) ने आयोजित की। इस दौरान शतरंज की अद्भुत प्रतिभाओं से खेल प्रेमी रूबरू हुए। इस टूर्नामेंट में 195 प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न हिस्सों से भाग लेकर जीत के लिए मुकाबले में हिस्सा लिया।

■ केपीएस तुलसी डबल गोल्ड मेगा चेस चैंपियनशिप का आयोजन हुआ रायपुर में

शीर्ष 10 खिलाड़ी में शिवांश शुक्लाः 7 अंक (नो रेटिंग) 11,000/- एवं ट्रॉफी,प्रियांश साहू : 7 अंक (1656 ईलो) 7,000/- एवं ट्रॉफी,मोबिन फारूक 6 अंक (2082 ईलो) 5,000/- एवं ट्रॉफी,अक्षत महोबियाः 6 अंक (1713 ईलो) 4,000/- एवं ट्रॉफी,संस्कार कश्यपः 6 अंक (1687 ईलो) 3,000/- एवं ट्रॉफी, रजनीकांत बख्शी : 6 अंक (1812 ईलो) 2000/- एवं ट्रॉफी,प्रभमन सिंह मल्होत्रा (अंडर 13)–6 अंक (1590 ईलो) 2000/- एवं ट्रॉफी ,विभाष कुमार सिन्हा 6 अंक (1738 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी, उत्कर्ष यादव 6 अंक (1447 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी,सालिक नवाज़ 6 अंक (1473 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी शामिल हैं। श्रेणीवार पुरस्कार विजेताओं में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी पुरस्कार ऋषन वर्मा,हितार्थ नाहर ,युवन कश्यप, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-07) शाश्वत सोनी–4/7,प्रथम कोठारी–3/7, आर्यन गोयल–2.5/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-09) मनमीर ग्रेवाल–4/7,अर्नव झमानी–3.5/7,रुद्र शर्मा–3/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-11) रियांश वर्मा–4/7,आदित्य खरे–4/7, कुश भुतड़ा–4/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-13) अभ्युदय तिवारी–4.5/7,नोहान सिंह साहू–4.5/7,अथर्व केडिया–4/7, सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी डॉ. बिधान चक्रवर्ती–4/7, शेख लतीफ–4/7,सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी रितेश जैन–4.5/7,विशाल कुमार–4.5/7,अनुज चौधरी–4.5/7, सर्वश्रेष्ठ स्कूल खिलाड़ी आदित्य जैन–4.5/72,अभिनव सिंह–4/73 और कुशाग्र साहू–4/7 तथा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी काशिका सिंह 3/7,परिणीता वर्मा–2/7, रक्षिता सिंह–2/7 रहे। आयोजन को सफल बनाने में केपीएस तुलसी के सम्माननीय निदेशक अशुतोष त्रिपाठी, उप प्राचार्य शक्ति नायर, और मिर्जा सर के मार्गदर्शन का योगदान सराहनीय रहा। इसके साथ ही, टीम चेस सिटी रायपुर की मुख्य टीम में शामिल विनेश दौलतानी और सूरज रिछारिया ने आयोजन को सफल बनाने अहम भूमिका निभाई।

## खरमास में भूलकर भी कभी तुलसी के पास न रखें ये चीजें

खरमास जल्द शुरू होने वाला है। 15 दिसंबर 2024 से शुरू हो रहा खरमास 2025 के पहले महीने में 14 जनवरी तक होगा। पंचांग के मुताबिक जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में आ जाएगा तो मकर संक्रांति होगी। इसके शुरू होते ही खर मास खत्म हो जाता है। ज्योतिष शास्त्र में तुलसी के पास कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें खरमास के दौरान रखना अशुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट इस बारे में बता रहे हैं।



खरमास के समय तुलसी के पास कभी भी पूजन सामग्री को नहीं रखना चाहिए। इसे पौधे से दूर रखकर ही पूजा-पाठ करना शुभ माना जाता है, वरना इससे माता लक्ष्मी क्रोधित हो सकती हैं और व्यक्ति को कभी आर्थिक लाभ नहीं मिलता है।

तुलसी के पास कभी भी शिवलिंग को न रखें। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि पूर्व जन्म में तुलसी का नाम वृंदा था, जो जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी थी। इस राक्षस का अंत भगवान शिव ने किया था, तभी भगवान शिव को तुलसी दल से दूर रखा जाता है।

तुलसी के पास कांटेदार पौधों को गलती से नहीं रखना चाहिए। ये राहुदोष उत्पन्न करते हैं और इससे तुलसी जी नाराज हो सकती है। इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखें। तुलसी के पास जूते-चप्पल नहीं रखना चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। तुलसी के पास झाड़ू भी नहीं रखना चाहिए। इससे घर में कंगाली आती है और सुख-शांति भी चली जाती है।



## पटियाला ने राजौरी को दी 111 रनों से करारी शिकस्त

**रायपुर।** सिंह ए पंजाब पटियाला का धमाकेदार प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। जब 16 वीं सिख प्रीमियर लीग के तहत मंगलवार को खेले गए मैच में मीत स्पोर्ट्स क्लब राजौरी को 111 रनों के विशाल अंतर से हराया। पटियाला टीम के इंदरप्रीत सिंह को शानदार 62 रन बनाने व 15 रन देकर 4 विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया। चंडीगढ़ के इसप्रीत सिंह को 62 रन (नॉट आउट) बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में समाजसेवी अजीत कुकरेजा अतिथि रहे।

■ दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया

डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे टूर्नामेंट को लेकर आयोजन समिति की ओर से मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि पटियाला की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें ओपनिंग करने उतरे करमजीत सिंह ने 88 रन (38 गेंद) की धमाकेदार पारी खेलते हुए 9 चौके व 6 छक्के लगाए। वहीं साथी खिलाड़ी इंदरप्रीत सिंह ने भी 62 रन (33 गेंद) में 5 छक्के व 5 चौके जड़े। राजौरी की ओर से सरबजीत ने 29 रन देकर 3 एवं कुलविंदर व बालकर ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में मीत स्पोर्ट्स क्लब राजौरी की टीम आधा स्कोर भी नहीं बना पायी, ओपनर डा.



गगन 0 व सरबजीत के 1 रन पर आउट होते ही उनकी पारी लडख़ड़ा गई। मध्यम क्रम के बल्लेबाज अमनप्रीत सिंह 38 व रायल सिंह ने 30 रन बनाकर संभालने की जरूर कोशिश की लेकिन पूरी टीम 16.1 ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच रहे इंदरप्रीत ने शानदार बालिंग की और 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट चटकाये। प्रभजोत व सोनू सुदार ने 2-2 विकेट लिए।

दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया। चंडीगढ़ के इसप्रीत सिंह को 62 रन (नॉट आउट) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले खेलते हुए संत सिपाही हैदराबाद की ओर से ओपनर राज आर्यन सिह ने फिर जोरदार बल्लेबाजी की और 4 छक्कों व 5 चौकों की मदद से 81 रन (63 गेंद) बनाए। शरणपाल के बनाये 26 रन को जोड़ दें तो पूरी टीम 7 विकेट खोकर केवल 158 रन ही बना पायी। चंडीगढ़ की ओर से हर्षदीप ने 2 विकेट लिए। चंडीगढ़ किंग्स ने अच्छी शुरुआत की मनिंदर ने 36 रन (26 गेंद), पुनीत ने 16 रन (8 गेंद) व इसप्रीत ने 62 रन (43 गेंद), सतवंत ने 21 रन (14 गेंद) बनाए और 16.5 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 160 रन बना लिए। हैदराबाद की ओर से रमन सरदाना ने सर्वाधिक 25 रन देकर 3 विकेट लिए।



कार्नर न्यूज

मौन उपचार से आपके रिश्तों में आ सकता है सुधार

# रिश्तों में दूरी लाता है जरूरत से ज्यादा मौन दंपती जानें साइलेंट ट्रीटमेंट का सही तरीका

रिश्तों में कभी-कभी ऐसी स्थिति आती है, जब शब्दों से कही गई बातें उलझनों को सुलझाने के बजाय जटिलता को बढ़ा देती हैं। ऐसे समय में साइलेंट ट्रीटमेंट, जिसे 'मौन उपचार' भी कहा जाता है, आपके रिश्तों को सुधार सकता है। यह एक ऐसा तरीका है, जिसमें एक अपनी भावनाओं के तीव्र क्षणों में प्रतिक्रिया देने से बचते हुए चुप्पी साध लेता है। लेकिन इसे सही तरीके से अपनाना और समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि जरूरत से ज्यादा मौन रिश्तों में दूरी भी पैदा कर सकता है।

### उद्देश्य को समझें

साइलेंट ट्रीटमेंट का मकसद किसी को नजरअंदाज करना या उसे चोट पहुंचाना नहीं होना चाहिए। इसका असली उद्देश्य तनावपूर्ण स्थितियों को शांत करना और बातचीत के लिए एक सही समय तथा स्थिति का निर्माण करना है।

जब भावनाएं तीव्र होती हैं तो कही गई बातें कभी-कभी गलतफहमियों को जन्म दे सकती हैं। ऐसे में कुछ समय के लिए मौन होना बेहतर होता है। साइलेंट ट्रीटमेंट के दौरान दोनों पक्षों को यह समझने का समय मिल जाता है कि गलती कहां हुई, समस्या की जड़ क्या है और समाधान कैसे निकाला जाए।



### लाभ तो अनेक हैं

मौन अपनाने से झगड़े की तीव्रता कम होती है और स्थिति बिगड़ने से बचती है, साथ ही दोनों पक्षों को सोचने और अपनी गलतियों को समझने का समय मिल जाता है। वहीं सही समय पर साइलेंट ट्रीटमेंट अपनाने से रिश्तों में संतुलन और परिपक्वता आती है।

### क्या है सही तरीका

किसी भी चीज की अति बुरी है। इसी तरह साइलेंट ट्रीटमेंट की अति भी अच्छी नहीं है, इसलिए इसका इस्तेमाल सोच-समझकर और सीमित समय के लिए करना चाहिए। इस दौरान सुनिश्चित करें कि आप अपने मौन से दूसरे व्यक्ति को दंडित नहीं कर रही हैं, बल्कि खुद को और उसे सोचने का समय दे रही हैं।

साथ ही अगर आपके साथी ने चुपी साधी है तो आप उनका सम्मान करें, उन्हें थोड़ा समय दें और जब वह बात करने की स्थिति में आ जाएं तो समस्या पर खुलकर चर्चा करें। कोशिश करें कि आप उस दौरान उनसे बहस न करें, बल्कि आपसी सहमति से समाधान निकालें।

### कुछ सावधानियां भी

अगर आप या आपका साथी साइलेंट ट्रीटमेंट को नियमित रूप से अपना रहा है तो यह दूसरे पक्ष को उपेक्षित महसूस करा सकता है। लंबे समय तक मौन रखने से सामने वाला व्यक्ति असुरक्षित और अनावश्यक रूप से दोषी महसूस कर सकता है, जिसके बाद पुनः जुड़ाव में मुश्किलें आ सकती हैं।

मौन और संवाद का संतुलन तब तक फायदेमंद है, जब तक यह संवाद का रास्ता खोलने का काम करे। रिश्तों में किसी भी समस्या का समाधान अंततः बातचीत के जरिये ही संभव है। साइलेंट ट्रीटमेंट को एक रणनीति के रूप में अपनाएं, लेकिन इसे आदत न बनने दें।

### मौन एक शांतिपूर्ण समाधान



रिलेशनशिप काउंसलर शिवानी मिसरी साधू बताती हैं, संचार किसी भी स्वस्थ रिश्ते का आधार है, लेकिन जब एक साथी चुप हो जाता है तो यह दूसरे को उपेक्षित, आहत या महत्वहीन महसूस करा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स बॉन्ड 007 की कास्टिंग में बदलाव अश्वेत अभिनेता के लिए जाने के संकेत

जेम्स बॉन्ड हॉलीवुड की एक हिट फ्रैंचाइज फिल्म है। पिछली फिल्म में डेनियल क्रेग जेम्स बॉन्ड के रोल में दिखे। अब इस सीरीज की अगली फिल्म में कोई नया एक्टर जेम्स बॉन्ड का किरदार निभा सकता है। इस बारे में निर्माताओं ने संकेत दिए हैं।



स्पॉय-एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों का मनोरंजन 'जेम्स बॉन्ड 007' सीरीज की फिल्में लंबे समय से कर रही हैं। लगभग 62 साल से यह फ्रैंचाइज अलग-अलग अभिनेताओं के साथ जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्में बना चुकी हैं। आखिरी जेम्स बॉन्ड फिल्म में डेनियल क्रेग मुख्य मुखिया में नजर आए। अब सुनने में आया है कि इस सीरीज की अगली फिल्म में नई कास्टिंग होने वाली है। जेम्स बॉन्ड का किरदार अब कोई नया अभिनेता निभा सकता है। फिल्म 'जेम्स बॉन्ड 007' से अभिनेता डेनियल क्रेग के बाहर होने के बाद से चर्चा चल रही है कि अब कौन सा अभिनेता यह किरदार निभाएगा। इस पर प्रोड्यूसर बारबरा ब्रोकोली ने एक जरूरी जानकारी दी है। उनका कहना है कि नया जेम्स बॉन्ड एक ब्लैक एक्टर यानी अश्वेत कलाकार हो सकता है। बारबरा ब्रोकोली एक इंटरव्यू में कहती हैं, 'जब हम किसी नए अभिनेता को कास्ट करते हैं तो फिल्म भी पूरी तरह से बदल जाती है। फिल्म में जब भी किसी एक्टर ने जेम्स बॉन्ड का रोल निभाया है तो उसने किरदार में कुछ नया और अलग पेश किया है। जब हमने डेनियल क्रेग को कसिनो रोयाल (2006) में 007 के लिए साइन किया था तो लोगों ने अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए।

### टॉलीवुड

## 'अमरण' से हटाया गया विवादित सीन कानूनी नोटिस मिलने के बाद लिया फैसला

साई पल्लवी और शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'अमरण' का एक सीन विवाद का विषय बन चुका था, जिसे अब फिल्म से हटा दिया गया है। यह कदम निर्माताओं द्वारा 1.1 रुपये के मुआवजे की मांग करने वाले कानूनी नोटिस मिलने के बाद उठाया गया है।



चेन्नई के छात्र वागीसन ने साई पल्लवी के प्रशंसकों द्वारा लगातार किए जा रहे कॉल को लेकर 'अमरण' निर्माताओं पर मुकदमा दायर किया, जिसके बाद उन दृश्यों से हटा दिया गया। फिल्म इस समय ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर स्ट्रीम हो रही है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला दरअसल, साई पल्लवी और शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'अमरण' में एक दृश्य है, जिसमें अभिनेत्री साई पल्लवी एक कागज के टुकड़े पर अपना फोन नंबर लिखकर हीरो की ओर फेंकती हैं। वह नंबर असल जिंदगी में चेन्नई के एक छात्र वागीसन का है। फिल्म में दिखाए गए नंबर को साई का नंबर समझकर लोग फोन करने लगे। उन्हें पहले तो इसका कारण पता नहीं चला और उन्होंने अपना फोन म्यूट कर लिया, लेकिन कॉल की संख्या कई गुना बढ़ गई, जिसके बाद वागीसन ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए फिल्म के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन को टैग करते हुए समाधान की मांग की। वागीसन ने बाद में इस सीन के कारण हुई "अनकही कठिनाइयों और मानसिक पीड़ा" के लिए कानूनी नोटिस भेजा, जब उनके अनुरोधों का कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने उनका फोन नंबर तुरंत फिल्म से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा, ₹मैं इस मुद्दे के कारण अपना फोन नंबर नहीं बदलना चाहता क्योंकि यह मेरे आधार, बैंक कार्ड और अन्य शैक्षणिक प्लेटफार्मों से जुड़ा हुआ है।₹ 'अमरण' के प्रदर्शन की बात करें तो यह फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज हुई।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'डंस' का पोस्टर आउट, दमदार अंदाज में सबकी छुट्टी करने आए हिट मशीन

भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन कहे जाने वाले स्टार खेसारी लाल यादव की भोजपुरी फिल्म 'डंस' का मोशन पोस्टर 3 दिसंबर को रिलीज हो गया।



मोशन पोस्टर में अभिनेता खेसारी लाल यादव एक नए लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके लुक को देखकर लगता है कि वे पहली बार इस तरह के दमदार किरदार में दिखने वाले हैं। जब से इस फिल्म का मोशन पोस्टर फिल्म के मेकर ने जारी किया है, सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। 'डंस' के मोशन पोस्टर में ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव माचिस की तीली से बीड़ी सुलगाते नजर आ रहे हैं। सुलगते बीड़ी की तपिश से बैंकग्राउंड में तेजी से बिजली कड़कने की आवाज आती है। इसके बाद आग की तपिश ऐसी बढ़ती है कि कुछ लोग खेसारी लाल यादव की तरह भागते नजर आ रहे हैं। फिल्म के मोशन पोस्टर को देखते हुए लगता है कि इस फिल्म में खेसारीलाल यादव काफी दमदार और अलग किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर खेसारी लाल यादव काफी उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'हमारी कोशिश हमेशा रहीं कि अपने दर्शकों के लिए कुछ अलग लेकर आए। जिस तरह से दर्शकों ने मेरी हर फिल्म को प्यार दिया है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म को भी दर्शक उतना ही प्यार देंगे। इस फिल्म में दर्शकों को काफी कुछ नया दिखने वाला है।'

## फैशन की कतार



लाइफ स्टाइल

पैलेस डी टोक्यो में आयोजित इस्से मियाके पेरिस फैशन वीक के प्रदर्शन में फैशन को रोनान बौरोलेक के चित्रों के साथ मिश्रित किया गया। इसे रनवे पर एक काव्यात्मक संग्रह का नाम दिया गया। इस साल पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में मेन्सवियर रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए मॉडल इसे मियाके ने निर्मित कृतियों को प्रस्तुत किया है।

## मलाई में इन्हें मिलाकर चेहरे पर लगाएं खत्म हो जाएगा त्वचा का रूखापन

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही लोग अपनी त्वचा के रूखेपन से काफी परेशान हो जाते हैं। कई बार तो ये रूखापन इस कदर बढ़ जाता है कि त्वचा फटने लगती है और इनसे खून तक निकलने लगता है। यदि आप अपनी त्वचा को आंतरिक रूप से हाइड्रेट करना चाहते हैं तो उसके लिए मलाई का इस्तेमाल करें।

**मलाई और शहदः** मलाई और शहद को मिलाकर यदि चेहरे पर लगाना जाएगा तो इससे न सिर्फ आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी, बल्कि साथ ही में ये त्वचा की प्राकृतिक चमक को बरकरार रखेगा।

**मलाई और बेसनः** मलाई और बेसन त्वचा की डेड स्किन को हटाता है, जिस वजह से त्वचा खिल उठती है। डेड स्किन हटने की वजह से त्वचा को ज्यादा नमी मिलती है।

इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच मलाई में 1 चम्मच बेसन मिलाएं। अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़कर धो लें।

जान लें मलाई के इस्तेमाल के कुछ फायदे -

**त्वचा को नमी पहुंचाती हैः** त्वचा पर मलाई लगाने से त्वचा में नमी बनी रहती है, जिससे त्वचा मुलायम और नर्म रहती है। यह खासतौर पर सर्दियों में उपयोगी होता है, जब त्वचा सूखने लगती है।

**बरकरार रहती है त्वचा की चमकः** यदि सर्दियों की वजह से आपकी त्वचा डल होती जा रही है तो आपको भी मलाई का इस्तेमाल करना चाहिए। मलाई में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, ऐसे में इसके इस्तेमाल से त्वचा चमक उठती है।



**एलर्जी से मिलेगी राहतः** यदि आपकी त्वचा पर एलर्जी हो रही है, तब तो आपको मलाई का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। खासतौर पर यदि चेहरे पर खुजली, चकत्ते, या दाने जैसी एलर्जी है, तो मलाई लगाने से राहत मिलती है।

## साड़ी में मॉडर्न लुक के लिए वियर करें न्यू डिजाइंस वाले खास श्रग



फैशन

श्रग साड़ी के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेट्स ऑप्शन है और इस्मने आपका लुक खूबसूरत भी नजर आता है। वहीं अगर आप मॉडर्न लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के श्रग अपने साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। कई सारे मौकों पर ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए महिलाएं साड़ी वियर करती हैं। साड़ी एवरग्रीन फैशन है और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी बेस्ट ऑप्शन है। लेकिन, अगर आप साड़ी में मॉडर्न लुक चाहती हैं तो साड़ी के श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ न्यू डिजाइंस वाले श्रग दिखा रहे हैं जो आप साड़ी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### वेलवेट श्रग

मॉडर्न लुक पाने के लिए आप इस तरह का वेलवेट श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का वेलवेट श्रग न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस तरह का वेलवेट श्रग आपको कई सारे कलर में मिल जाएगा साथ ही कई सारे डिजाइन में आप इसे खरीद सकती हैं। इस वेलवेट श्रग को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1000 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग

आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस श्रग में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें एम्ब्रॉयडरी और सेक्विन वर्क किया हुआ है, इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग आप लाइट कलर की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं और इसे आप बाजार या ऑनलाइन प्लात्फोम से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

### मिरर वर्क श्रग

इस तरह का मिरर वर्क श्रग का चुनाव आप आपनी साड़ी के हिसाब से लेक्र स्टाइल कर सकती हैं, इस तरह का मिरर वर्क श्रग आपके लुक को मॉडर्न लुक देने का काम करेगा और साड़ी के कलर के हिसाब से आप इसे 1200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## ठंड के मौसम में काले और ड्राई हो गए हैं लिप्स तो ये टिप्स करें फॉलो

ठंड के मौसम में जहां स्किन को सही केयर की जरूरत होती हैं तो वहीं सर्द मौसम में लिप्स की भी सही केयर करना जरूरी है। अगर इस मौसम में आप लिप्स की सही तरह से केयर नहीं करती हैं तो ये काले और ड्राई हो जाते हैं और इससे आपकी खूबसूरती भी कम हो जाती है। वहीं चेहरे की खूबसूरती बने रहे और काले और ड्राई लिप्स की समस्या कम हो तो आप लिप्स की सही तरह केयर करें। वहीं इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जो आप लिप्स की केयर करने के लिए फॉलो कर सकती हैं। वहीं इन टिप्स को आप अपने लिप्स केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### नेचुरल ऑयल का करें इस्तेमाल

काले और ड्राई लिप्स की समस्या से निजात पाने के लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। नेचुरल ऑयल आपके लिप्स को नमी प्रधान करेगा और साथ लिप्स को हेल्दी बनाने में भी मदद करेगा। नेचुरल ऑयल में आप नारियल तेल, बादाम का तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### इस तरह करें उपयोग

एक कटोरी में तेल लें, इसे हल्का गुनगुना करें। इसके बाद लिप्स को साफ करें। उंगलियों की मदद से लिप्स पर तेल अप्लाई करें। इसके बाद हल्का मसाज करें। ये काम आप नहाने और रात को सोने के बाद करें।

### शहद का करें इस्तेमाल

लिप्स के कालेपन और ड्राईनेस को दूर करने के लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती है। शहद को नेचुरल मॉइश्चराइजर कहा जाता है साथ ही इसमें कई सारे गुण हिते हैं जो त्वचा से जुडी समस्या को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

## ब्लाउज की लटकन के डिजाइंस खुद घर में बनाएं

ब्लाउज को खूबसूरत अंदाज देने के लिए एक नहीं बल्कि कई विकल्प होते हैं। इनमें से एक है ब्लाउज की लटकन। बाजार में आपको लटकन के बहुत सारे डिजाइंन मिल जाएंगे, मगर यह महंगे भी होंगे और इन्हें पर्सनलाइज्ड टच देने के लिए आपको और भी ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ऐसे में आप घर में खुद भी थोड़ी सी मेहनत और क्रिएटिविटी दिखाकर ब्लाउज के लिए लटकन बना सकती हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ विकल्प दिखाएंगे, जिन्हें आप खुद से घर पर तैयार कर सकती हैं।



### दूल्हा-दुल्हन लटकन डिजाइन

अगर आप अपने शादी के लहंगे या साड़ी के ब्लाउज में अलग तरह की लटकन लगाना चाहती हैं, तो इसके लिए आप दूल्हा दुल्हन डिजाइन वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे बनाना आसान कठिन नहीं है। आप घर पर कपड़ों की कतरन और थोड़े बहुत सजावटी सामान से इस तरह की लटकन बना सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार से केवल दूल्हा-दुल्हन की कुछ आकृति वाली कपड़े की डॉल लानी होगी। इसके अतिरिक्त कुछ मोती और सितारे लाकर आप इस तरह की लटक बना सकती हैं। साथ ही इस पर अपना और अपने हसबैंड का नाम लिखकर इसे पर्सनलाइज्ड टच भी दे सकती हैं।

### गोटा-पट्टी वाली लटकन डिजाइन

गोटा-पट्टी का काम आपके ब्लाउज को ट्रेडिशनल टच दे सकता है। अगर आप कोई ऐसी साड़ी या लहंगा पहनने जा रही हैं, जिस पर गोटे का काम किया गया हो या गोटा-पट्टी एम्ब्रॉयडरी है, तो आप अपने ब्लाउज, लहंगे और साड़ी के रंग से मेल खाते कपड़ों के कोन बनाकर उस पर गोटा-पट्टी का काम कर सकती हैं। यहां आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने की जरूरत है।

कार्नर न्यूज

### आने वाले साल में नए मेकअप ट्रेंड खास आपके लिए

## नए साल के लिए बाजार में है मेकअप ट्रेंड, फॉलो करेंगी तो दिखेंगी खूबसूरत

*जिस तरह से साल बदलता है। वैसे ही हर साल मेकअप ट्रेंड भी चेंज होता है। इस ट्रेंड को सेलिब्रिटी से लेकर हर कोई फॉलो करना पसंद करता है, ताकि वो भी इसका हिस्सा बन सके। कई सारे ट्रेंड ऐसे होते हैं, जो अच्छे लगते हैं। लेकिन कुछ ऐसे होते हैं जो लोगों को कम पसंद आते हैं। मेकअप भी उन्हीं ट्रेंड में से एक है। हर साल ये बदलता है। लोग इसी के हिसाब से तैयार होते हैं और अपने लिए सही मेकअप को चूज करते हैं। साल 2025 शुरु होने में अब कम समय बाकी है। ऐसे में हर कोई आने वाले साल में ट्रेंड करने वाले मेकअप के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं, ताकि उसे फॉलो कर सके। आप भी इसे फॉलो कर सकती हैं। इससे आपका लुक ही अट्रैक्टिव नजर आएगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। चलिए आपको बताते हैं साल 2025 में कौन से मेकअप है जो ट्रेंड रह सकते हैं।*



### स्मोकी कैट आई मेकअप

चेहरे की खूबसूरती तभी अच्छी लगती है। जब आंखों पर अच्छा मेकअप किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हर किसी की नजर आंखों पर ही जाती है। ऐसे में आने वाले साल में स्मोकी कैट आई मेकअप काफी ट्रेंड में रहने वाला है।

इस तरह का मेकअप नाइट आउट और पार्टी के लिए बेस्ट होता है। इसमें कुछ लोग डर्मेटिक आंखों को क्रिएट करना पड़ता है, तो कोई आईलाइनर से कैट आई मेकअप लुक क्रिएएट करता है। इससे पूरा मेकअप लुक ही चेंज हो जाता है।

### नो मेकअप लुक

नो मेकअप लुक हम सभी को पसंद होता है। इसलिए इसे क्रिएट करने में हमें कोई दिक्कत भी नहीं होती है। आप भी इसे किसी भी जगह के लिए क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए कम प्रोडक्ट का इस्तेमाल होता है। साथ ही, इसे क्रिएट करने में आसानी होती है।



### बोल्ड लिप्स मेकअप लुक

कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें ज्यादा बोल्ड मेकअप लुक पसंद नहीं होता है। ऐसे में वो हमेशा लिप्स पर बोल्ड लिपस्टिक को लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। अगर आपको भी लिप्स को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो साल 2025 में इस ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। इस तरह का ट्रेंड काफी पसंद आता है। साथ ही, इससे मेकअप लुक सबसे अलग दिखने लगता है। इसके लिए बेस को सिंपल रखना पड़ता है। बस आपको लिप्स के लिए बोल्ड कलर को अप्लाई करना है। इसके बाद अच्छे से इसे हाइलाइट करना है। ऐसा करने से आपका मेकअप लुक अच्छा दिखने लगेगा। साथ ही, आपको बार-बार पार्लर जानें की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। वैसे हर साल इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए एक्ट्रेस के साथ-साथ हम लोग भी नजर आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे मेकअप अच्छे से हाइलाइट होता है।